



बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 25 जुलाई 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 179 | मूल्य - 5 रुपये










# प्रधान के इस्तीफे की मांग से कोई समझौता नहीं: कॉक्रोच जनता पार्टी

नई दिल्ली, (भाषा)।

***कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की उसकी मांग से कोई समझौता नहीं हो सकता और चेतावनी दी कि यदि इस मांग को जल्द स्वीकार नहीं किया गया, तो प्रदर्शन और व्यापक हो जाएगा। नीट प्रश्न पत्र लीक और***



परीक्षा प्रणाली में कथित गड़बड़ी के विरोध में जारी प्रदर्शन के समाधान के प्रयासों के तहत कॉजपा के प्रवक्ता सौरभ दास और आशुतोष रांका ने केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा और जितेंद्र सिंह के साथ विट्ठलभाई पटेल भवन में करीब दो घंटे तक बैठक की। इस सप्ताह दोनों पक्षों के बीच यह तीसरी बैठक थी। दिन में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रश्न पत्र लीक के मामलों में कड़ी सजा का प्रावधान करने वाले विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी। इससे कुछ घंटे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को मध्यरात्रि में जारी एक वीडियो संदेश में घोषणा की थी कि इस संबंध में एक विधेयक संसद में लाया जाएगा। बैठक के बाद दास ने संवाददाताओं से कहा, ''हमने केंद्रीय मंत्रियों से स्पष्ट रूप से कहा है कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की हमारी मांग से कोई समझौता नहीं होगा।''

प्रधानमंत्री के वीडियो संदेश के बाद, कॉजपा ने कहा कि सरकार की ओर से ''सबसे कड़ी कार्रवाई'' धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने की होगी और जंतर-मंतर पर उसका प्रदर्शन उनके इस्तीफे तक जारी रहेगा। शुक्रवार को सरकार के प्रतिनिधियों को सौंपे गए पत्र में कॉजपा ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि वह सरकार की ''पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तलाशने की इच्छा'' का स्वागत करती है। पत्र में कहा गया, ''पिछले कुछ दिनों में हमने देशभर में अपने समर्थकों, संगठन के सदस्यों और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे लोगों से व्यापक विचार-विमर्श किया है। इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, नीट पीड़ितों के लिए एक करोड़ रुपये का मुआवजा और प्रदर्शनकारियों के खिलाफकोई कानूनी कार्रवाई नहीं करने की हमारी मांगों से कोई समझौता नहीं हो सकता।''

कॉजपा ने भारत सरकार, रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के प्रमुख और दिल्ली के पुलिस आयुक्त से 20 जुलाई को कथित तौर पर बर्बरता से पीटे गए छात्र-छात्राओं से सार्वजनिक रूप से माफी की भी मांग की। नड्डा ने कहा कि मंत्रियों ने कॉजपा की मांगें सुनी हैं और बताया कि वे बाद में कॉजपा से संपर्क करेंगे। उन्होंने बताया, ''दोनों पक्षों के बीच शनिवार को फिर बैठक होगी।''

कॉजपा ने सरकार से अपनी मांगें जल्द स्वीकार करने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसा नहीं होने पर आंदोलन और व्यापक होगा तथा देशभर में फैल जाएगा। पत्र में कहा गया कि परीक्षा सुधारों से जुड़े उसके पांच सूत्री मांग-पत्र पर भी सरकार की प्रतिक्रिया अपेक्षित है। संगठन के अनुसार, यह शिक्षा व्यवस्था में व्यापक संरचनात्मक सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण होगा। उधर, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन जारी रहने और प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ने के बीच, केंद्र सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए छत्तीसगढ़ से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 10 अतिरिक्त कंपनियों को हवाई मार्ग से दिल्ली लाने का निर्देश दिया है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने भी प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो की सुरक्षा में तैनात अपने कर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। दिनभर इंटरनेट और मेट्रो सेवाएं भी प्रभावित रहीं। कॉजपा और सरकार के बीच यह तीसरी औपचारिक बैठक थी। इससे पहले 20 जुलाई को नड्डा ने अपने आवास पर दास और रांका के साथ लगातार दो बैठकें की थीं। उसी दिन 'संसद चलो' आह्वान पर हजारों प्रदर्शनकारी संसद की ओर मार्च कर रहे थे, जिन्हें पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़कर रोक दिया था। इस दौरान कई लोग घायल हुए थे। शुक्रवार की बैठक ऐसे समय हुई, जब सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सरकार से प्रमुख मांगों पर आश्वासन मिलने के बाद बृहस्पतिवार देर रात अपना 26 दिन का अनशन समाप्त कर दिया।

कॉजपा ने इससे पहले किसी मंत्री के आवास या कार्यालय में वार्ता के सरकारी प्रस्ताव को ठुकरा दिया था और आपसी सहमति वाले किसी स्थान पर बातचीत की मांग की थी। इस बीच, कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के वीडियो संदेश को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद का सत्र चलने के दौरान प्रधानमंत्री को सदन में बयान देना चाहिए, न कि ''एकतरफा मन की बात'' करनी चाहिए। बाद में, कॉजपा ने घोषणा की कि वह एक विशेष वेबसाइट शुरू करेगी, जिसके माध्यम से प्रदर्शनकारियों की तस्वीरें और वीडियो एकत्र किए जाएंगे, ताकि 20 जुलाई की पुलिस कार्रवाई में कथित रूप से शामिल पुलिसकर्मियों की पहचान की जा सके। संगठन ने कहा कि वह संबंधित अधिकारियों के खिलाफप्राथमिकी दर्ज कराने और न्यायालय का रुख करने की तैयारी कर रहा है। कॉजपा के प्रवक्ता दास ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने कार्रवाई के दौरान छात्रों के साथ मारपीट की और महिला प्रदर्शनकारियों से कथित तौर पर छेड़छाड़ की। वहीं, रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने कहा कि छात्र आंदोलन के दौरान उसके जवानों द्वारा कथित तौर पर अधिक बल प्रयोग किये जाने और पैलेट गन के इस्तेमाल के आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है।

## नीट प्रश्नपत्र लीक : एनटीए ने 47 अधिकारियों को बर्खास्त किया..

नई दिल्ली, (भाषा)।

नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 47 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया और कुछ के खिलाफ कानूनी तथा आपराधिक कार्रवाई की जायेगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह कदम उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी को पंचायती राज मंत्रालय भेजे जाने के एक दिन बाद उठाया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''एनटीए में व्यापक बदलाव किए जाने की तैयारी है और आगे भी कई सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। प्रश्नपत्र लीक और सीबीएसई के डिजिटल मूल्यांकन में आई गड़बड़ियों को लेकर पैदा हुए छात्रों के आक्रोश के कारण शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रदर्शनकारी और विपक्षी दल शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।




## राजस्थान में सहायक निदेशक अभियोजन रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर, (भाषा)।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को सीकर जिले में एक अदालत के सहायक निदेशक अभियोजन को 50 हजार रुपये की कथित रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नीमकाथाना में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) की अदालत के सहायक निदेशक अभियोजन कौशल सिंह राठौड़ को रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया गया है। ब्यूरो के बयान के अनुसार एक शिकायतकर्ता ने शिकायत दी थी कि जेल में बंद उसके बेटे का संगठित गिरोह से संबंधित मामला अदालत में विचाराधीन है। शिकायत में कहा गया कि राठौड़ द्वारा इस मामले में कुछ धाराएं हटाने, अभियोजन पक्ष को कमजोर करने तथा आरोपी के अधिवक्ता के विरुद्ध प्रभावी पैरवी न करने की एवज में 3,25,000 रुपए की रिश्वत मांगी गई।











जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई




# अवैध वसूली, ब्लैक मेलिंग के लिये फिर बालाघाट के दो पत्रकार गिरफ्तार..

## 90 हजार की रिश्वत लेते हुए संजय अजीत और अंकुश चौहान रंगे हाथ गिरफ्तार

## ब्लैकमेलिंग एवं अवैध वसूली मामले में निरंतर खराब हो रही बालाघाट जिले की छबी..




जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट जिले में पत्रकारिता को ब्लैकमेलिंग एवं अवैध वसूली का जरिया बनाकर काम करने वाले पत्रकारों की संख्या बढ़ती जा रही है, तथा जिले में एक के बाद काली करतूतों को अंजाम देने वाले तथाकथित पत्रकारों पर पुलिसिया कार्रवाई भी की जा रही है। विगत वर्ष एक समाचार पत्र के प्रतिनिधि हरीश राहंगडाले के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया था, इसी प्रकार विगत*

दिनों एक यूटयुब चैनल और मासिक पत्रिका चलाने वाले ब्लैकमेलर हिमांशु पिता रविन्द्र जैन और उसके साथ अन्य आरोपियों को आधी रात को मवेशी ठेकेदारों से लूट की शिकायत पर बिरसा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया था, वहीं बालाघाट में नकारात्मक खबरें चलाकर सरपंचों से वसूली मामले में कथित पत्रकार मिलिंद ठाकरे को भी बालाघाट पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था, वहीं बालाघाट पुलिस ने अब फिर दो ब्लैकमेलरों को गिरफ्तार कर उनकी करतूतों का प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पर्दाफाश किया है।

बालाघाट नगर के निवासी संजय अजीत और चांगोटोला के निवासी अंकुश चौहान को पुलिस ने 90 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है, तथा इनके ब्लैक मेलिंग के कारोबार की जांच भी पुलिस ने शुरु कर दी है। बताया जाता है कि संजय अजीत जो कि पहले शराब दुकान के सामने पानी के पाऊच और चखना बेचने का काम करता था, बाद में पत्रकारिता से जुड़ गया और ब्लैक मेलिंग का कारोबार करने लगा था। संजय अजीत के संदर्भ में बताया जाता है कि वह सरपंचों की शिकायत कर 50-50 हजार रुपये की मांग करता था।

### कार्रवाई को लेकर चर्चा में आदित्य मिश्रा..

गौरतलब है कि बालाघाट के पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा लगातार चांवल घोटाले और डबल मनी में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सुर्खियों में है, वहीं अपनी कार्रवाई से बड़े बड़ों को ठिकाने लगाते हुए आगे बढ़कर पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के पास जब ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने अवैध वसूली और ब्लैक मेलिंग की शिकायत की, तो फिर उनके मार्गदर्शन में सरपंच और अन्य शिकायतकर्ताओं ने जाल बिछाया, इसका परिणाम यह हुआ कि पत्रकारिता की आड़ में ब्लैकमेलिंग का कारोबार करने वाले संजय अजीत और अंकुश चौहान को पुलिस ने रिश्वत की रकम के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

### यह है मामला..

कथित पत्रकार संजय अजीत और अंकुश चौहान पर हुई कार्रवाई के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जुलाई 2026 को ग्राम पंचायत मौदा के सरपंच मनमोहन वैद्य ने थाना अजाक में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी संजय अजित द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों से शिकायत एवं सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण बंद कराने के नाम पर कुल 2 लाख 10 हजार रुपये की अवैध राशि की मांग की गई थी। शिकायतकर्ता द्वारा पहली किस्त के रूप में 20 जुलाई 2026 को 60 हजार रुपये भी दिए जा चुके थे। शिकायत के आधार पर थाना अजाक में अपराध क्रमांक 07/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308(2), 351(2) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देश पर थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान सूचना मिली कि शिकायतकर्ताओं से रंगदारी के रूप में मांगी गई शेष 90 हजार रुपये की राशि 23 जुलाई 2026 की शाम दीनदयालपुरम कॉम्प्लेक्स, बालाघाट में ली जानी है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय अजित और उसके साथी अंकुश चौहान को शिकायतकर्ताओं से 90 हजार रुपये की राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मौके से नकद राशि तथा प्रकरण से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बोले पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा..

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि आम नागरिकों की शिकायत पर यदि उचित कार्रवाही नहीं होती है, तो इस स्थिति में सीएम हेल्पलाईन के पोर्टल पर वे शिकायत कर सकते हैं, लेकिन कई बार देखा गया है कि एक ही व्यक्ति कई बार कई कई लोगों की शिकायत करता है, और देखा गया है कि उनका उददेश्य कुछ और होता है। कथित शिकायतकर्ताओं ने कई शिकायतें बैहर क्षेत्र की भी की है, तो वहां के सरपंचों ने भी फोन किया था कि उन्होंने भी संजय अजीत और अंकुश चौहान को कुछ राशि दी है, जिसकी शिकायत करने के लिये सामने आने की बात उन्होंने बताई है, अंगर जांच में पुष्टि हुई तो निश्चित ही कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने संभावना जताई कि हो सकता है कि इनकी अन्य विभागों में भी इनकी शिकायत हो। शिकायत के अनुसार 90 हजार, 60 हजार और अन्य शिकायत में काफी बड़ा अमाऊंट जानकारी में आया है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी माना कि यदि कोई व्यक्ति जनहित में 100 शिकायतें भी करता है, और उसका उद्देश्य सिर्फ जनहित का ही है तो यह अनुचित नहीं कहा जा सकता, लेकिन जब अपने फैमिली के खाते में रुपये लेकर रंगेहाथ पकड़ा गया है, और शिकायतें बंद करने के लिये धन प्राप्ति का ट्रेस मिला है, तो फिर यह साफ समझ में आता है कि दबाव बनाने के अलावा कोई उद्देश्य नहीं था। एसपी आदित्य मिश्रा ने कहा कि सारी की गई शिकायतें सहमति पत्र से क्यों बंद हो जाती है, सभी शिकायतों में वो लिखकर देते हैं कि इन शिकायतों में अब मुझे कुछ नहीं करना है, तो पुराने यह सब मामले भी अब जांच के दायरे में है। श्री मिश्रा ने कहा कि जांच के बाद और भी एफआईआर दर्ज होने की संभावना है।

### बोले सरपंच मनमोहन वैद्य..

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित सरपंच मनमोहन वैद्य ने बताया कि आरोपी कथित पत्रकारों द्वारा 181 में शिकायत की जाती थी, जिसमें हमें सीओ साहब द्वारा कहा जाता था कि जब तक संबंधित पत्रकार संतुष्ट नहीं हो जाए, वे कुछ नहीं कर सकते, इस स्थिति में हमें मजबूरन उनको पैसा देना पड़ता था। मनमोहन वैद्य ने कहा कि संजय अजीत तो 50 हजार की डिमांड लेकर आता था। अनेक जानकारीयां मांगकर मानसिक रुप से परेशान करते थे, और उलझाने का प्रयास करते थे। शिकायत के बाद सीओ साहब द्वारा कहा जाता था कि जांच के लिये सारे रिकार्ड लेकर आई, तथा इतने सारे रिकार्ड लेकर आना संभव नहीं होता था।










# डबल मनी मामले में निवेशको को उनकी मूल धनराशि न्यायालय के माध्यम से वापस होगी..

## पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी, कहा 20 रजिस्टर में मिली 3700 निवेशकों की इन्ट्री..




जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के नेतृत्व में डबल मनी मामले में की जा रही कार्यवाही में पुलिस ने सोमेन्द्र कंकरायने संहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद अब उनसे पूछताछ शुरु कर दी है, तथा इसी के साथ पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर*

आज यह भी जानकारी दी कि उनका प्रथम प्रयास यही है कि डबल मनी मामले में जो राशि और संपत्ती जब्त की गई है, उस राशि से निवेशकों को उनकी मूल राशि माननीय न्यायालय के माध्यम से वापस लौटाई जा सके। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के साथ ही नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित थे, जिन्होंने पत्रकारों को बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक काऊंटर बनाया जायेगा, जिसमें निवेशकों की समस्त जानकारी एक फॉर्म में भरवाई जायेगी, तथा उसका वेरिफिकेशन करके वह जानकारी न्यायालय में दी जा सके। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि 10 दिन में हम एक पीडीएफ जारी करेंगे, और जिसमें जो रजिस्टर हमें प्राप्त हुए हैं, उसमें जो इन्ट्री मिली है, वह सार्वजनिक की जायेगी। हमारा लोगों से निवेदन होगा कि टाईप करके अपनी शिकायत करें। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने आगे बताया कि जिनकी मेच्युरिटी हो चुकी थी, उनके रजिस्टर आरोपी नष्ट कर चुके थे, ऐसा उन्होंने बताया है, और जिनको भुगतान करना है, 20 रजिस्टर में उन 3700 नामों की इंट्री मिली है, जिसमें निवेशकों का आधार नंबर, चैक नंबर, निवेश की राशि, मैच्युरिटी डेट आदि लिखा हुआ है। इसका एक फार्म बनाकर हम इस प्रकरण की पूरी जानकारी ईडी को भी दे रहे हैं। श्री मिश्रा ने आगे बताया कि पावर ऑफ अटर्नी में भी कई लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनके नाम से जमीनें बेची गई है, हम उनके नाम भी सार्वजनिक करेंगे, ताकि गलतफहमी में किसी ने खरीदी हो तो जानकारी वे पुलिस को दे सकें। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने आगे कहा कि जल्द से जल्द जांच पूरी हो, और निवेशकों को उनकी मूल धनराशि वापस की जा सके, यह हमारा प्रयास है, तथा जल्द से जल्द डबल मनी मामले का संपूर्ण खात्मा किया जा सके।

## कलेक्टर मृणाल मीना की बड़ी कार्रवाई

# पट्टे की शर्तों के उल्लंघन पर मिनिस्ट्रियल कोऑपरेटिव सोसायटी का पट्टा किया निरस्त..

जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट बस स्टैंड क्षेत्र स्थित नजूल भूमि पर पट्टे की शर्तों के उल्लंघन के मामले में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मृणाल मीना ने सख्त कार्रवाई करते हुए दी मिनिस्ट्रियल कोऑपरेटिव सोसायटी मर्यादित, बालाघाट को आवंटित पट्टा निरस्त कर दिया है। कलेक्टर न्यायालय द्वारा 20 जुलाई 2026 को पारित आदेश के अनुसार संबंधित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोकने तथा भूमि पर शासन का आधिपत्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।*

बस स्टैंड बालाघाट क्षेत्र स्थित नजूल शीट क्रमांक-306, प्लॉट क्रमांक-277/3 की 122.075 वर्गमीटर (1314 वर्गफुट) भूमि सोसायटी को केवल कैंटीन संचालन के उद्देश्य से पट्टे पर आवंटित की गई थी। लेकिन जांच में पाया गया कि सोसायटी द्वारा स्वीकृत प्रयोजन के विपरीत इस भूमि पर व्यावसायिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा था, जो पट्टे की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है। नजूल अधिकारी के प्रतिवेदन एवं राजस्व निरीक्षक के स्थल निरीक्षण में यह भी सामने आया कि सोसायटी ने भूमि उपयोग परिवर्तन के लिए सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं की। साथ ही निर्माण शुरू करने से पहले नजूल विभाग से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) नहीं लिया गया। नगरपालिका से भवन निर्माण की अनुमति प्राप्त करते समय भी पट्टे की शर्तों के उल्लंघन संबंधी महत्वपूर्ण तथ्य छिपाए गए।

जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित भूमि पर कैंटीन का संचालन नहीं किया जा रहा था और न ही सोसायटी अपने पंजीकृत उपविधियों के अनुरूप कोई गतिविधि संचालित कर रही थी। प्रकरण में नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए सोसायटी को कारण बताओ सूचना जारी कर स्पष्टीकरण एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। सोसायटी के अध्यक्ष ने न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष भी रखा, लेकिन समस्त अभिलेखों एवं तथ्यों के परीक्षण के बाद न्यायालय ने पाया कि पट्टे की शर्तों का गंभीर एवं लगातार उल्लंघन हुआ है। इसके आधार पर पट्टा निरस्त करने की कार्रवाई को न्यायोचित माना गया।

कलेक्टर न्यायालय ने आदेश में संबंधित भूमि पर चल रहे समस्त निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद करने तथा भूमि पर शासन का कब्जा नियमानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश की प्रति पालनार्थ नजूल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बालाघाट, तहसीलदार बालाघाट एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी बालाघाट को भेज दी गई है।

## प्रधानमंत्री से संवाद करेंगे बालाघाट के सिद्धार्थ गेडाम, वीवीवीपी-2026 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयन..

जगप्रेरणा बालाघाट।

ग्राम मंझारा (भरवेली) निवासी नेशनल वॉलिंटियर सिद्धार्थ गेडाम का चयन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित माई भारत विकसित भारत विलेज प्रोग्राम (वीवीवीपी) 2026 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है।

कार्यक्रम के अंतर्गत 26 जुलाई 2026 को देशभर से चयनित युवा प्रतिभागियों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी विशेष संवाद करेंगे, जिसमें सिद्धार्थ गेडाम प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सिद्धार्थ गेडाम इस क्षेत्र के बालाघाट, सिवनी, मंडला, नैनपुर एवं छिंदवाड़ा सहित पाँच जिलों में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाले एकमात्र युवा प्रतिभागी हैं।

यह उपलब्धि जिले और पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है। इससे पहले भी सिद्धार्थ विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में बालाघाट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर उन्हें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रत्यक्ष संवाद का अवसर भी प्राप्त हुआ था।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा live जिला सिवनी

बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# कोतवाली पुलिस ने किया नकबजनी-चोरी की अलग-अलग 6 वारदातों का खुलासा..

**हिस्ट्री शीटर अज्जू कोष्टा सहित 06 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, 25 लाख रूपये कीमत के जेवरात सहित 02 मोटर सायकिल बरामद..**

**जगप्रेरणा सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा चोरी एवं नकचकनी के अपराधों के रोकथाम के लिए निर्देश प्राप्त होते रहें हैं जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा है जो इसी क्रम में विभिन्न स्थानों पर चोरी की 06 पटनाओं का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया हैं जो सभी प्रकरणों में चोर अज्ञात थे जिसमें एक चोरी भैरोगंज क्षेत्र की वर्ष 2025 की थी।

**पहली घटना-** दिनांक 06/08/2025 को प्राथर्थी सचेन्द्र पिता वरिन्द्र कुमार मिश्रा 45 साल निवासी पीजी कालेज के पीछे भैरोगंज सिवनी के द्वारा रिपोर्ट लेख कराई गई कि इसके सूने मकान से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी 5000/- रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 669/ 2025 धारा 331 (4) 305 **(A)** बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया

**जप्ती-** सोने का 01 हार, सोने के 12 कंगन, 02 जोडी (4 नग) कान के झमके, सोने की अंगूठी 2 नग, कुल कीमती 10 लाख रूपये।

**गिरफ्तार आरोपी-** शुभम पित्ता दिलीप जैन उम्र 32 साल निवासी महाराजबाग भैरोगंज सिवनी (आरोपी के विरूध्द पूर्व में नाबालिग से छेडछाड संबंधी 01 आपराधिक प्रकरण दर्ज है), संदेश पित्ता आशाराम सोनकेशरिया उम्र 32 साल व्यायाम शाला के पास परतापुर रोड भैरोगंज सिवनी। उल्लेखनीय है कि पूंछतांछ पर जानकारी प्राप्त हुई है कि आरोपी संदेश सोनकेशरिया द्वारा अपनी चार पहिया गाड़ी का लोन भरने के उद्देश्य से पैसे की जरूरत थी जो फरियादी पर के आसपास मजदूरी का काम करता था जो आरोपी शुभम जैन के द्वारा फरियादी का सूना पर चिन्हित कराकर चोरी करने के लिए उकसाया गया एवं आरोपी संदेश से चोरी के जेवर प्राप्त कर गोल्ड लोन आईआईएफएल बैंक में रखकर लोन उठा लिया गया था जो प्रक्रिया का पालन करते हुए उक्त बैंक से सोने के लगभग 10 लाख कीमत के जेवरात आरोपी शुभम जैन से जप्न किए गए है। उक्त दोनों आरोपियों को पुनः पुलिस रिमांड पर लिया जा रहा है जिससे चोरी का शेष मशरुका एवं चोरी के पैसे से खरीदी गई कार जप्त की जा सके।





**दुसरी घटना-**दिनांक 05/ 04/ 2026 को प्रार्थी शेख कलीम पिता शेख सुबरात्ती 45 साल निवासी गुरुनानक वार्ड सिवनी ने रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 15/01/2026 को दिन में करीब शाम 04 बजे से रात्रि 09 बजे के मध्य इसके मकान से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने एवं के जेवरात एवं नकदी 25000/- रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 263/2026 धारा 303(2).305 **(A)** भीएनएस का पंजीवष्ट कर विवेचना में लिया गया।

**तीसरी घटना-**दिनांक 15/ 06/ 2026 को प्रार्थी तेनसिंह पिता रामसिंह राठौर, 49 साल निवासी सूफीनगर गांधीवार्ड सिवनी ने रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 13-14/06/2026 की मध्य रात्रि इसके मकान से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने एवं के जेवरात एवं नगदी 12,000 रूपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 523/2026 धारा 305 **(A)**,331(4) चीएनएस का पंजीचध्द कर विवेचना में लिया गया।

**चौथी घटना-**दिनांक 30/ 06/ 2026 को प्रार्थी एहसान पिता हबीच खान उम्र 45 साल निवासी नया मोहल्ला गांधी वार्ड सिवनी ने रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 28-29/06/2026 की मध्य रात्रि इसके मकान से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने एवं के जेवरात एवं नगदी 30 हजार रूपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 590/2026 धारा 331(4), 305**(A)** बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

उल्लेखनीय है कि उक्त तीनों घटनाओं में कोतवाली पुलिस विगत कई महिनों से लगातार संदेही एवं निगरानी बदमाश अज्जू उर्फ अजय सदाफल कोष्टा पर नजर रखे हुए थी जो कोतवाली स्टाफ द्वारा तत्परता से उक्त बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया गया जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पीछा कर पकड़ा गया सख्ती से पूंछतांछ करने पर उक्त बदमाश ने अलग अलग स्थानों पर चोरी करना स्वीकार किया जिसमें कुछ स्थानों पर सोने चांदी के जेवरात मिले परंतु कुछ स्थानों पर समान नहीं मिला।

पूंछतांछ पर जानकारी मिली कि उक्त चोर का रिस्ते का एक साला मोहगांव कुरई तरफ पूर्व में किसी सुनार के यहां काम करते रहा है परंतु उसकी इन्ही गतिविधियों के कारण काम से निकाल दिया गया था को मुखबिर के सहयोग से उक्त चोर के साले को पकड़ा गया जो अपने बहनोई से हिस्सा बांट में चांदी की 02 जोड़ी पायल एवं 01 जोड़ी सोने की झुमकी की प्राम करना स्वीकार किया है जिससे उक्त सामान जात किया गया है।

**जप्ती-**अपराध क्रमांक 263/2026 धारा 303(2), 305 **(A)** बीएनएस के प्रकरण में -01 जोडी कान के झुमके सोने के, 01 चांदी की पायल- कुल कीमती 01 लाख 20 हजार रूपये का। अपराध क्रमांक 523/2026 धारा 305 (ẞ),331 (4) चीएनएस के प्रकरण में- 01 मंगलसूत्र सोने का, 01 पेंडल सोने का, एक जोडी पायल चांदी की कुल कीमती 01 लाख 10 हजार रूपये का। अपराध क्रमांक 590/2026 धारा 331 (4) 305 **(A)** बीएनएस के प्रकरण में 01 जोडी सोने के झुमके, 2 जोडी चांदी की पायल कुल कीमती 45000 रूपये

**गिरफ्तार आरोपी-** अजय उर्फअज्जू कोष्ठा पिता शिवदयाल कोष्ठा उम्र 46 साल निवासी गंज मोहल्ला सिवनी (पूर्व से चोरी, नकबजनी एवं विभिन्न धाराओ के कुल 26 मामले दर्ज है जिसके विरूध्द दिनांक 21/03/2012 को हिस्ट्रीशीट खोली गई है.), राजकुमार पिता नवल सिह विश्वकर्मा उम्र 32 साल निवासी मोहगांव थाना कुरई जिला सिवनी

**पांचवी घटना-**दिनांक 28/ 06/ 2026 को प्रार्थी लितिक पिता खुशाल कुमार टांक 37 साल निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी छिन्दवाडा रोड सिवनी ने रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 26-27/ 06/ 2026 की मध्य रात्रि इसके मकान से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने एवं के जेवरात एवं नगदी 70 हजार रूपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 587/2026 धारा 331(4), 305**(A)** बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

**जप्ती-** 01 जोडी सोने की डी-प्रेस, 01 सोने की हाय, 01 नग सोने का लाकेट, दो नग अंगूठी सोने की अंगूठी, एक चेन लाकेट, एक सोने की लौंग, 01 जोडी सोने के फैसी कंगन, 01 सोने का मंगलसूत्र, 01 सोने का हार, 01 सोने का लाकेट, एक चेन, दो चांदी का खुचना, दो जोडी पायल चांदी की, 11 नग चांदी की बिछिया, 02 नग चांदी का झुनझुना, 02 नग चांदी की बेंदी, 02 जोडी बच्चे का कड़ा चांदी का, नगदी 10 हजार - कुल कीमती 11 लाख 15 हजार 456 रूपये एवं घटना में प्रयोग की गयी स्कूटी।

**गिरफ्तार आरोपी-** महेन्द्र उर्फ पिल्लई पिता रामप्रसाद पटेल उम्र 34 वर्ष निवासी पवार हाउस के पास आधारताल जबलपुर (पूर्व में जबलपुर में चोरी नकबजनी मारपीट, लूट, बलात्कार के 04 मामले में गिरफ्तार हुआ है।), सूरज डुमार पिता जवाहरलाल डुमार उम्र 28 वर्ष निवासी बाबाजी की बगिया प्रेमसागर हनुमान ताल जबलपुर (पूर्व में जबलपुर में चोरी नकबजनी मारपीट, लूट, बलात्कार के 4 मामले गिरफ्तार हुआ है)

**छटवी घटना-** दिनांक 21/ 07/ 2026 को प्रार्थी नरेन्द्र ठाकुर पिता भैयालाल ठाकुर उम्र 55 वर्ष निवासी भैरोगंज सिवनी ने रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 12/07/2026 की मध्य रात्रि इसके मकान से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोड़कर अलमारी में रखे सामान नगदी 70 हजार रूपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 638/2026 धारा 331(4), 305**(A)** बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

**जप्ती-**दो चार्जर, एक पावर बैंक, नगद 600 रूपये, एक एन्ड्रायड मोबाइल, एक सुजुकी ऐक्सेस स्कूटी, कीमती 50 हजार रूपये। **गिरफ्तार आरोपी-**अतिन हेडाउ पिता सुरेश हेडाउ उम्र 25 वर्ष निवासी पृथ्वीराज चौहान वार्ड भैरोगंज सिवनी (पूर्व में अपहरण एवं बलात्कार का 01 आपराधिक प्रकरण पंजीबध्द है)।

उक्त घटनाओं को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई एवं उक्त उपरोक्त अपराधों में तकनीकी आधार पर तलाश पतासाजी कर उपरोक्त सभी प्रकरणों के आरोपियों को अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी जाकर आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूंछतांछ पर चोरी गया मशरूका एवं नकदी रुपये विधिवत जप्त की जाकर आरोपी की गिरफ्तारी की गई है एवं निम्नानुसार आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सिवनी भेजा गया है दो आरोपियों को पुलिस रिमांड प्राप्त कर शेष मशरुका प्राप्त किया जा रहा है।

**सराहनीय कार्य-** थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि डी. सी. ग्यारसिया सउनि जगमोहन अधिकार, सउनि जसवंत सिंह ठाकुर, प्र. आर. नवीन तिवारी, मनोज पाल, मुकेश गोंडाने, प्रदीप चौधरी, सुधीर डहेरिया, संतोष साहू, आर. दिलीप उइके, वेतन शर्मा, चालक आर, मोनू डहेरिया की विशेष भूमिका रहीं हैं।

# कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया की दुर्भावनावश की गई कार्यवाही से सिवनी नगरपालिका में नवीन कार्यालय भवन बनने से वंचित हुआ : राजिक

**जगप्रेरणा सिवनी।**

कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया की दुर्भावनावश की गई कार्यवाही से सिवनी नगरपालिका में नवीन कार्यालय भवन बनने से वंचित हुआ। प्रेस को जानकारी देते हुए गुरूनानक वार्ड के पार्षद राजिक अकील ने बताया कि नगरपालिका परिषद सिवनी में नगरपालिका कार्यालय भवन शहर के मध्य निर्मित होना आवश्यक था, जिससे कि नगरपालिका क्षेत्र के नागरिक आसानी से कार्यालय आ जा सकें। नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान बनते ही दिनांक 14/10/2022 को प्रस्ताव क्रं. 11 नवीन कार्यालय भवन निर्माण हेतु राजस्व विभाग पुराना भवन (गुरूनानक वार्ड) को डिस्मेंटल किए जाने एवं उसके आस पास की भूमि रिक्त किये जाने हेतु विचार एवं निर्णय।



दिनांक 12/05/2023 प्रस्ताव क्रं 04 गुरूनानक वार्ड में नवीन कार्यालय भवन निर्माण कराये जाने की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृत के संबंध में विचार एवं निर्णय( लागत राशि 496.88 लाख) विशेष सम्मिलन दिनांक 27/ 03/ 2025 प्रस्ताव क्रं. 02 शहरी अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यो को कराये जाने की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में विचार एवं निर्णय (लागत राशि 6.00 करोड़ रू.)। तीनो प्रस्ताव में गुरूनानक वार्ड के राजस्व कार्यालय एवं महिला वसूतिग्रह के भवन को डिस्मेंटल कर नगरपालिका कार्यालय भवन निर्माण की सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की थी।

सिवनी नगरपालिका परिषद द्वारा उक्त कार्यालय भवन का ड्रांईग डिजाईन(नक्शा) तैयार किया गया जिसमें मेन रोड़ में शॉपिंग काम्पलेक्स, पीछले ग्राउंड फ्लोर में वाहन पार्किंग, प्रथत एवं द्वितीय तल में कार्यालय भवन प्रस्तावित किया गया। इसके लिए 50 लाख रूपय की राशि का फंड नगरपालिका सिवनी को प्राप्त हो चुका था।

राजिक अकील ने कहा कि राजस्व कार्यालय और महिला वसतिग्रह वाली भूमि में भवन निर्माण इस लिए आवश्यक था जिस तरह भूघन्त्विकरण के अन्तर्गत नगर के मुख्य मार्गो की बहुमूल्य जमीन अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने सॉठ गॉठ कर बहुत ही कम दामो पर खरीदी इस भूमि पर भी उन लोगो की नजर थी, नगरपालिका कार्यालय भवन निर्माण हो जाने से यह भूमि सुरक्षित हो जाती।


राजिक अकील ने बताया कि दिनांक 25/03/2025 की बैठक में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन भी उपस्थित थे जिसमें मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास कार्य योजना के अन्तर्गत 6 करोड़ रूपय की राशि सिवनी नगरपालिका को प्राप्त होना था, जिसमें 80 प्रतिशत ऋण नगरपालिका को किस्तो के रूप में जमा करना था, विधायक जी द्वारा यह भी कहा गया,इस राशि का उपयोग ऐसी जगह किया जाए जिसमें नगरपालिका शासन का ऋण अदा कर सकें, चुंकि नगरपालिका कार्यालय भवन में शॉपिंग काम्पलेक्स भी प्रस्तावित था यह ऋण शॉपिंग काम्पलेक्स की दुकानों को नीलाम कर शासन का ऋण चुकाया जा सकता था, सर्वसम्मति से सभी पार्षदो द्वारा गुरूनानक वार्ड राजस्व कार्यालय, महिला वसूतीग्रह में कार्यालय भवन में इस राशि का उपयोग करने की सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

राजिक अकील ने बताया कि मई 2025 में नगरपालिका अध्यक्ष पद से शफीक खान को झूठी शिकायत कर पद से प्रथक कर कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया बने, उन्होंने दुर्भावनावश दिनांक 02/09/2025 की बैठक में पूर्व में स्वीकृत गुरूनानक वार्ड में कार्यालय भवन बनाए जाने के प्रस्ताव को दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव रद्ध किये बिना प्रस्ताव क्रं. 02 बिना किसी चर्चा के कार्यालय भवन फिल्टर प्लॉट में निर्मित करने का प्रस्ताव नियम विरूद्ध पास करा लिया, जिसकी शिकायत कांग्रेस पार्षदो द्वारा दिनांक 03/ 09/ 2025 को जिला कलेक्टर से की गई थी। कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया की निष्क्रिय कार्यप्रणाली के कारण सिवनी नगरपालिका कार्यालय भवन निर्माण की राशि से हाथ धोना पड़ा। यदि समय रहते गुरूनानक वार्ड राजस्व कार्यालय में निविदा आमंत्रित कर भवन निर्माण आरंभ करा दिया जाता तो अभी तक सिवनी का नवीन कार्यालय भवन पूरी तरह बनकर तैयार हो जाता।

# सिवनी आईटीआई में भेदभाव: सीआर बिगाड़कर रोकी कर्मचारियों की पदोन्नति

**तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य के स्थानांतरण की मांग, 34 में से सिर्फ4 को मिला लाभ, एक भी महिला शामिल नहीं..**





**जगप्रेरणा सिवनी।**

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सिवनी में कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच विवाद गहरा गया है। संस्था के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य देवेन्द्र कुमार ठाकुर पर कर्मचारियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि श्री ठाकुर ने अपनी पदोन्नति तो करा ली, लेकिन अधीनस्थ कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली (सीआर) लिखने में लापरवाही बरती और जानबूझकर उन्हें नुकसान पहुंचाया।

कर्मचारियों ने इस संबंध में संचालक, कौशल विकास संचालनालय, जबलपुर को लिखित शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र में उल्लेख है कि श्री ठाकुर के कार्यकाल में अधिकांश कर्मचारियों की सीआर से छेड़छाड़ की गई। कार्य संतोषजनक होने के बाद भी 'खराब' प्रविष्टि दर्ज की गई। इसके चलते कई कर्मचारियों का समयमान वेतनमान रुक गया और 7-8 कर्मचारियों की पदोन्नति अटक गई। आरोप है कि कर्मचारियों को कई वर्षों तक आर्थिक लाभों से वंचित रहना पड़ा। इसके अलावा **TA/DA**, वेतन और अन्य बिल भी लंबे समय से लंबित पड़े हैं। सबसे बड़ा आरोप यह है कि कल हुई पदोन्नति में कुल 34 कर्मचारियों में से मात्र 4 कर्मचारियों को ही पदोन्नति का लाभ मिला, जिसमें एक भी महिला कर्मचारी शामिल नहीं है। कर्मचारियों का कहना है कि 'क्या एक भी महिला इस लायक नहीं थी?' इससे स्पष्ट होता है कि जानबूझकर महिला कर्मचारियों को लाभ से वंचित किया गया है, जबकि महिलाएं भी संस्था के सभी कार्यों में बराबर की भागीदारी निभा रही हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि संस्था का परीक्षा परिणाम और प्रशिक्षण कार्य लगातार बेहतर रहे हैं, लेकिन तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य के भेदभावपूर्ण रवैये से पूरा स्टाफ परेशान है।

शिकायत में कर्मचारियों ने मांग की है कि देवेन्द्र कुमार ठाकुर का सिवनी आईटीआई से अन्यत्र स्थानांतरण किया जाए और पदोन्नति पर उन्हें यहीं पदस्थ न किया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि ऐसे दोषपूर्ण रवैये वाले अधिकारी के साथ कार्यस्थल पर रहना अब संभव नहीं है।

फिलहाल मामले को लेकर कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। अब देखना होगा कि उच्च कार्यालय इस पर क्या कार्रवाई करता है।







# प्रतिष्ठा राय ने प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण की नीट की परीक्षा..

**माता-पिता एवं अपने शिक्षकों का नाम रोशन..**

**जगप्रेरणा सिवनी।**

खैरापलारी नगर एवं संस्कार वैली हायर सेकेण्डरी स्कूल पलारी की होनहार छात्रा प्रतिष्ठा राय पिता नीलमनिंद्र राय ने प्रथम प्रयास में ही देश की महत्वपूर्ण परीक्षा नीट को उत्तीर्ण किया। प्रतिष्ठा एमबीबीएस कर डॉक्टर बनना चाहती है। उन्होंने नीट परीक्षा में 720 में से 524 अंक प्राप्त किए हैं। ज्ञात हो कि प्रतिष्ठा राय द्वारा 2024- 25 कक्षा दसवीं की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान एवं प्रदेश में नौवा स्थान प्राप्त किया था। वर्ष 2025 - 26 की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 96प्रति. अंक अर्जित किए है।









# जिला भाजपा कार्यालय में दी गई संजय सिंह यादव को श्रद्धांजलि..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***आज भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा सिवनी के द्वारा अपने वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष स्व. संजय सिंह यादव*** के विगत दिवस ह्रदयाघात से हुए आकस्मिक देहावसान से स्तब्ध एवं दुखित पार्टी कार्यकर्तायों के द्वारा जिला कार्यालय में नव नियुक्त भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविशंकर पाल के द्वारा में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के दिवंगत प्रदेश उपाध्यक्ष स्व. संजय सिंह यादव का संगठन के प्रति सर्वस्व समर्पण,निष्ठा और सक्रियता अविस्मरणीय रहेगी।



आपका व्यक्तित्व पार्टी जनों के लिए सदैव अनुकरणीय रहेगा। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए जिला भाजपा के महामंत्री गजानन पंचेश्वर ने कहा कि इन दुख के क्षणों में हम सबकी संवेदननाएँ परिवारजनों के साथ है। उपस्थित सभी पार्टी जनों के द्वारा स्व संजय सिह यादव को श्रद्धासुमन समर्पित कर दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मशांति के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई कि प्रभु उन्हें अपने श्री चरणों मे स्थान दें।

आज के इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा के जिला महामंत्री गजानन पंचेश्वर, जिला महामंत्री सन्तोष अग्रवाल भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविशंकर पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर, कीरत सिंह बघेल, जिला मंत्री मुनिया टांक, पहलाद पटेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष परसराम सनोडिया, पूर्व जिला मंत्री संजीव मिश्रा, पार्षद द्वय सुरेश भांगरे, श्रींमती वंदना वैश्य, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष युवराज राहंगडाले, मन की बात जिला प्रभारी मनोज नामदेव जिला कार्यालय मंत्री वीरेंद्र राजपूत, विनोद रजक बरघाट, मोर्चा जिला मंत्री रमेश राय, नरेश गोस्वामी, खुशेन्द्र पँवार, शुभम श्रीवास किसान मोर्चा के अशोक ठाकुर, भोला बरमैया, संतोष अम्रोडिया, रणजीत चंदेल आदि उपस्थित रहे।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# आबादी भूमि की रजिस्ट्री पर नहीं लगेगा कर, लाखो परिवारों को मिलेगा उनका मालिकाना हक - गौरव सिंह पारधी..

## मध्यप्रदेश उपकर अधिनियम, 1981 में हुए संशोधन से पहुचेगा सीधे ग्रामीणों को लाभ..

जगप्रेरणा कटंगी।

***मध्यप्रदेश विधानसभा में मध्यप्रदेश उपकर अधिनियम, 1981 में संशोधन पर चर्चा के दौरान कटंगी-खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार एवं***

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का आभार व्यक्त किया और कहा की राज्य सरकार ग्रामीण परिवारों को उनकी आबादी की जमीन का कानूनी मालिकाना हक दिलाने का काम कर रही है।

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में मध्यप्रदेश उपकर अधिनियम, 1981 में संशोधन किया गया। इस संशोधन के तहत स्वामित्व योजना में ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी की जमीन की रजिस्ट्री पर लगने वाला सेस (उपकर) पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। अब गांवों के लाखों परिवार बिना इस अतिरिक्त शुल्क के अपनी जमीन की रजिस्ट्री करा सकेंगे। इससे उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी और अपनी भूमि का कानूनी मालिकाना हक प्राप्त करने का रास्ता भी आसान होगा।



### अब आबादी भूमि की रजिस्ट्री पर नहीं लगेगा सेस ग्रामीण परिवारों के लिए बड़ी राहत - गौरव सिंह पारधी

विधायक श्री पारधी ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत गांवों में लोगों को उनकी आबादी की जमीन की रजिस्ट्री कराई जा रही है। पहले इस रजिस्ट्री पर सेस (उपकर) देना पड़ता था, लेकिन अब सरकार ने इसे पूरी तरह खत्म कर दिया है। इससे ग्रामीण परिवारों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा और वे बिना अतिरिक्त बोझ के अपनी जमीन की रजिस्ट्री करा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के पास वर्षों से जमीन थी, लेकिन उसके वैध दस्तावेज नहीं थे, उन्हें अब कानूनी स्वामित्व मिलेगा। इससे भविष्य में जमीन से जुड़े विवाद कम होंगे और ग्रामीणों को अपनी संपत्ति पर पूरा अधिकार मिलेगा। उन्होंने सभी ग्रामीण नागरिकों को इस महत्वपूर्ण फैसले पर बधाई देते हुए कहा कि सरकार गांव के लोगों के जीवन को आसान और सुरक्षित बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

# जल है तो कल है: जल जीवन मिशन ने बदली ग्राम सरंडी की तकदीर, हर घर तक पहुँचा स्वच्छ पेयजल





जगप्रेरणा बालाघाट।

***कभी एक-एक बूंद पानी के लिए जूझने वाला बालाघाट जिले के वारासिवनी विकासखंड का ग्राम सरंडी आज स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के साथ खुशहाल और आत्मनिर्भर गाँव की पहचान बन चुका है।***

जल जीवन मिशन ने इस गाँव की तस्वीर ही नहीं, बल्कि यहाँ के लोगों का जीवन भी बदल दिया है। जिस गाँव में कभी सुबह पानी की तलाश से शुरू होती थी, वहीं आज हर घर के नल से स्वच्छ जल की धारा बह रही है।

कुछ वर्ष पहले तक ग्राम सरंडी के ग्रामीणों का अधिकांश समय पानी की व्यवस्था में ही बीत जाता था। विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं को कई किलोमीटर दूर से सिर पर पानी लाना पड़ता था। गर्मी के दिनों में स्थिति और भी विकट हो जाती थी। पानी की इस समस्या का असर बच्चों की पढ़ाई, महिलाओं के स्वास्थ्य और ग्रामीणों की आजीविका पर साफदिखाई देता था। ग्रामीण बताते हैं कि कई बार दिन का बड़ा हिस्सा केवल पेयजल जुटाने में निकल जाता था। ऐसे में शिक्षा, रोजगार और अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित होते थे।

### जल जीवन मिशन बना बदलाव की आधारशिला

ग्राम सरंडी की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के समाधान के लिए 20 अक्टूबर 2022 को जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजना स्वीकृत की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट ने 127.12 लाख रुपये की लागत से आधुनिक जल प्रदाय योजना तैयार की। योजना के तहत गाँव में 75 किलोलीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी की टंकी तथा 20 किलोलीटर क्षमता का सम्पवेल निर्मित किया गया। इसके साथ ही पाइपलाइन बिछाकर 414 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए।

### अब हर घर में बह रहा स्वच्छ जल

योजना के पूरा होने के बाद ग्राम सरंडी में बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। अब प्रत्येक घर में नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। महिलाओं को दूर-दूर तक पानी लाने की मजबूरी से मुक्ति मिली है, जिससे उनके समय और श्रम की बचत हो रही है। बच्चे अब समय पर विद्यालय पहुँच रहे हैं, क्योंकि उन्हें पानी लाने में समय नहीं देना पड़ता। स्वच्छ पेयजल मिलने से जलजनित बीमारियों में भी कमी आई है और ग्रामीणों के स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार हुआ है।

### ग्रामीणों के जीवन में आया नया आत्मविश्वास

ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन उनके लिए केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि जीवन बदलने वाली पहल साबित हुई है। यह योजना केवल पाइपलाइन और टंकियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने गाँव में विकास, विश्वास और आत्मसम्मान की नई भावना का संचार किया है। अब गाँव के लोग भविष्य को लेकर अधिक आश्वस्त हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का समय मिला है, बच्चे बेहतर शिक्षा की ओर अग्रसर हैं और पूरे गाँव में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। ग्राम सरंडी के ग्रामीणों ने इस जनकल्याणकारी योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन ने उनके जीवन में नई उम्मीद और नई रोशनी लाई है। आज ग्राम सरंडी इस बात का जीवंत उदाहरण है कि यदि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचे, तो केवल पानी की समस्या ही नहीं सुलझती, बल्कि पूरे गाँव के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

## जिले में 24, जुलाई तक 480 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

# किरनापुर तहसील में सबसे अधिक 630 मिलीमीटर और खैरलांजी तहसील में सबसे कम 282 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड

जगप्रेरणा बालाघाट।

***चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 01 जून से 24 जुलाई 2026 तक कुल 480 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष 2025 में इसी अवधि में 691 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई थी।***

जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है और इसमें से 647 मिलीमीटर वर्षा 01 जून से 24 जुलाई 2026 की अवधि में हो जाना चाहिए। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटों के दौरान बालाघाट तहसील में 02 मिमी, वारासिवनी में 04 मिमी, बैहर में 00 मिमी, लांजी में 11 मिमी, कटंगी में 00 मिमी, किरनापुर में 04 मिमी, खैरलांजी में 03 मिमी, लालबर्रा में 01 मिमी, बिरसा में 00 मिमी, परसवाड़ा में 04 मिमी एवं तिरोड़ी तहसील में 00 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में 03 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार चालू वर्ष में 01 जून से 24 जुलाई 2026 तक सबसे अधिक 630 मिलीमीटर वर्षा किरनापुर तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 282 मिलीमीटर वर्षा खैरलांजी तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 603 मिलीमीटर, वारासिवनी में 591 मिलीमीटर, बैहर में 540 मिलीमीटर, लांजी में 474 मिलीमीटर, कटंगी में 408 मिलीमीटर, लालबर्रा में 508 मिलीमीटर, बिरसा में 309 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 434 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 498 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 866 मिलीमीटर, वारासिवनी में 1055 मिलीमीटर, बैहर में 823 मिलीमीटर, लांजी में 354 मिलीमीटर, कटंगी में 760 मिलीमीटर, किरनापुर में 637 मिलीमीटर, खैरलांजी में 287 मिलीमीटर, लालबर्रा में 810 मिलीमीटर, बिरसा में 505 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 822 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 680 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

## नाम परिवर्तन

प्रणीता मात्रे पिता सेवकराम मात्रे, जाति मरार आयु 19 साल निवासी वार्ड नं.6 वारासिवनी ,तह. वारासिवनी जिला बालाघाट यह कि मेरे समस्त कक्षा 1 से कक्षा 12 वी तक के दस्तावेजों में मेरी माता का नाम माया मात्रे लिखा हुआ है जो गलत हैं जिसे सुधार हेतु नवीनतम नाम दुर्गा मात्रे करवाना चाहती हूँ यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सहीं हैं, यदि गलत या भ्रामक पाई जाती हैं तो मेरे ऊपर दंडात्मक कार्यवाही कर मेरे द्वारा लिए गए समस्त दस्तावेजों को जप्त कर मेरे द्वारा लिए गए समस्त लाभों को वापस लेकर दंडात्मक कार्यवाही की जाएंगी।

पूर्व नाम
माया पति सेवकराम मात्रे
नवीन नाम
दुर्गा मात्रे पति सेवकराम मात्रे
अतः शपथ पत्र प्रस्तुत हैं
वारासिवनी
दिनाँक 24-7-2026

शपथकर्ता
प्रणीता मात्रे

# मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना : बालाघाट से 196 श्रद्धालु 25 जुलाई को मथुरा-वृंदावन के लिए होंगे रवाना

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले के 196 चयनित तीर्थयात्री 25 जुलाई 2026 को विशेष ट्रेन से भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा-वृंदावन की यात्रा पर रवाना होंगे। यह विशेष ट्रेन बालाघाट रेलवे स्टेशन से प्रातः 11:30 बजे प्रस्थान करेगी।***

इस यात्रा में बालाघाट के अलावा जबलपुर एवं कटनी जिले के चयनित तीर्थयात्री भी शामिल होंगे। जिला प्रशासन द्वारा तीर्थयात्रा की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। चयनित यात्रियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 25 जुलाई को प्रातः 10:00 बजे तक अपने स्वयं के साधनों से बालाघाट रेलवे स्टेशन पहुंच जाएं, ताकि दस्तावेजों का सत्यापन, पंजीयन तथा अन्य औपचारिकताएं समय पर पूरी की जा सकें। विशेष ट्रेन बालाघाट से प्रस्थान कर नैनपुर, जबलपुर और कटनी होते हुए मथुरा-वृंदावन पहुंचेगी। यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जिससे वे सुरक्षित एवं सुगम यात्रा कर सकें। योजना के अंतर्गत श्रद्धालु मथुरा और वृंदावन के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे। यात्रा पूर्ण होने के बाद यही विशेष ट्रेन 28 जुलाई को दोपहर 3:00 बजे बालाघाट रेलवे स्टेशन लौटेगी।

जिला प्रशासन ने सभी चयनित तीर्थयात्रियों से निर्धारित समय का पालन करने तथा यात्रा के दौरान आवश्यक पहचान पत्र एवं अन्य जरूरी दस्तावेज साथ रखने की अपील की है। साथ ही यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि यात्रा सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार वरिष्ठ नागरिकों एवं पात्र श्रद्धालुओं को देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर उपलब्ध करा रही है। इस योजना के तहत यात्रा, आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शासन द्वारा सुनिश्चित की जाती हैं, जिससे श्रद्धालु बिना किसी आर्थिक बोझ के आस्था एवं श्रद्धा के साथ तीर्थयात्रा का लाभ उठा सकें।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम, युवाओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

जगप्रेरणा बालाघाट।

***महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्रामों में महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण और नशा मुक्ति विषयक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम कलेक्टर मृणाल मीणा***

एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र कुमार सुन्दर्याल के मार्गदर्शन तथा वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक रचना चौधरी के नेतृत्व में संपन्न हुए।











जागरूकता कार्यक्रम विकासखंड वारासिवनी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झालावाड़, कायदी, बकेरा, सतपुड़ा कॉलेज गर्रा तथा विकासखंड बिरसा के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मलाजखंड और ग्राम पलहेरा में आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों, युवाओं एवं ग्रामीणों को महिला एवं बाल अधिकारों के साथ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर प्रीति हरिनखेडे एवं यनिता राहंगडाले ने महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सहित महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के सहयोग से संचालित ÷नशे से दूरी है जरूरी 2.0÷ अभियान के तहत युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, उससे होने वाले सामाजिक, पारिवारिक एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान तथा अपराधों में वृद्धि के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्त जीवन अपनाने और समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम करना तथा युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा।

# वनग्रामों के विस्थापन की कार्रवाई के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

## परिवार की ईकाई निर्धारण के लिए 24 जुलाई 2026 कट ऑफ डेट निर्धारित

## 04 अगस्त को ग्राम पंचायतों में सूचना का होगा प्रकाशन



जगप्रेरणा बालाघाट।

***दक्षिण सामान्य वनमंडल, बालाघाट के अंतर्गत तहसील बालाघाट एवं परसवाड़ा क्षेत्र में स्थित वनग्राम कुर्थीटोला, खापा, तल्लाबोड़ी, पोलबत्तुर एवं कोकमा के विस्थापन की कार्रवाई के संबंध में 24 जुलाई 2026 को कलेक्टर श्री मृणाल मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की***

बैठक आयोजित की गई। बैठक में वनग्रामों के विस्थापन की प्रक्रिया, सूचना के प्रकाशन तथा दावे-आपत्तियों के निराकरण के संबंध में चर्चा कर आवश्यक तिथियां निर्धारित की गईं।

बैठक में समिति के सचिव एवं दक्षिण सामान्य वनमंडल के वनमंडलाधिकारी श्री नित्यानंदम एल., जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, समिति के सदस्य तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में तय किया गया कि विस्थापित होने वाले परिवार की ईकाई निर्धारण के लिए 24 जुलाई 2026 को कट ऑफ डेट माना जाएगा। जिन युवक-युवतियों ने 24 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली होगी, उन्हें पृथक इकाई माना जाएगा। वनग्रामों के विस्थापन के संबंध में अनुभाग स्तरीय समिति ग्रामों का सर्वे कर 04 अगस्त 2026 को संबंधित ग्राम पंचायतों में विस्थापित होने वाले परिवारों की सूची का प्रकाशन करेगी। सूचना प्रकाशित होने के साथ ही दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, जिनका निराकरण 11 अगस्त 2026 तक किया जाएगा।

विस्थापित होने वाले वनग्राम कुर्थीटोला, खापा, पोलबत्तुर एवं कोकमा बालाघाट तहसील के अंतर्गत आते हैं, जबकि तल्लाबोड़ी परसवाड़ा तहसील के अंतर्गत स्थित है। वनग्रामों के विस्थापन के लिए प्रत्येक पात्र इकाई को 15 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। परिवार में पति-पत्नी एवं उनके बच्चों को एक इकाई माना जाएगा। वहीं 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के युवक-युवती, दिव्यांग व्यक्ति तथा विधवा महिला को पृथक इकाई के रूप में पात्रता प्रदान की जाएगी।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# हिमाचल प्रदेश में वाहन पर चट्टानों के गिरने से 13 लोगों की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में उदयपुर-पांगी मार्ग पर पहाड़ी से विशाल चट्टानों के एक टैक्सी पर गिरने से शुक्रवार को छह महीने के एक शिशु समेत 13 लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग बाल-बाल बच गये।***

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कुल्लू से किलाड़ जा रहे वाहन में 15 लोग सवार थे। इसने बताया कि कडू नाला के निकट विशाल चट्टानों के गिरने से वाहन पूरी तरह उसके नीचे दब गया और वाहन के पिछले हिस्से में आग लग गई। मौके पर मौजूद राहगीरों और सेना के जवानों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इस घटना के वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें वाहन को पूरी तरह क्षतिग्रस्त और आग की लपटों से घिरा हुआ देखा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही एक दल को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। इसने बताया कि राहत और बचाव कार्य जारी है तथा प्रशासन स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। पुलिस ने बताया कि शिशु के अलावा मृतकों में सात पुरुष और चार महिलाएं शामिल थीं।

इसने बताया कि मृतकों में से एक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई थी। इनमें से ज्यादातर चंबा जिले के पांगी क्षेत्र के रहने वाले थे।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बीर सिंह, संजय कुमार, हंस राज, बुधी सिंह, बीर सिंह, अनिल कुमार, सौरभ सिंह, अंजना, सोमांग आंग्मो, रेखा, कमला कुमारी और छह महीने के शिशु आरू के रूप में हुई है। इसने बताया कि कार से बाहर कूदने वाले दो लोग बाल-बाल बच गये। दुर्घटना स्थल पर कोई दूरसंचार सिग्नल नहीं है। यह स्थान चंबा जिले के पांगी और लाहौल (लाहौल और स्पीति जिले) की सीमा पर स्थित है। अधिकारियों ने बताया कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और लाहौल-स्पीति के उदयपुर में प्रशासन मौके पर मौजूद प्रमुख राहत एवं बचाव दल हैं। पुलिस भी इस अभियान का हिस्सा थी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लाहौल-स्पीति के उपायुक्त को निर्देश दिया कि वह तुरंत घटनास्थल पर जाएं और बचाव एवं राहत कार्यों की निगरानी करें।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने एक बयान में कहा कि सुक्खू ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

भरमौर के विधायक जनक राज ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि वाहन में सवार 15 लोगों में से 13 की मौत हो गई जबकि वाहन से बाहर कूदे दो लोग बच गए। उन्होंने चंबा और लाहौल-स्पीति के उपायुक्तों से राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया। पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यात्री टिंडी में फंस गए थे, क्योंकि उदयपुर-किलाड़ मार्ग पिछले दिन बंद था। सड़क फिर से खुलने के बाद वे शुक्रवार को पांगी के लिए रवाना हुए लेकिन रास्ते में दुर्घटना का शिकार हो गए। हालांकि, पीड़ितों की पहचान की आधिकारिक रूप से अभी पुष्टि नहीं हुई है। एक अन्य घटना में मंडी जिले में जोगिंदरनगर के गुम्मा क्षेत्र में भूस्खलन से एक महिला की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि कुल्लू से सिमसा माता मंदिर जा रहा एक परिवार भूस्खलन की चपेट में आ गया। हाल के दिनों में लगातार हो रही बारिश के कारण पूरे राज्य में भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं।

# इजरायल में भारतीय नागरिक की हत्या, कमरे में खून से लथपथ हालत में मिला शव..



डेस्क जगप्रेरणा।

***इजरायल के यरूशलम में एक भारतीय नागरिक की हत्या का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि***

भारतीय नागरिक कमरे में मृत अवस्था में मिला था और उसके आस-पास खून फैला हुआ था।

फिलहाल पुलिस का कहना है कि संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है। हालांकि अभी मृतक और हत्यारे की पहचान उजागर नहीं की गई है।

## फर्श पर चारों तरफ खून के निशान..

पुलिस ने बताया कि यरूशलम में एक भारतीय व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। इस सिलसिले में 31 वर्षीय इजरायली नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक 40 वर्षीय भारतीय व्यक्ति गुरुवार को यरूशलम के कटामोन इलाके में मृत पाया गया। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित एक घर में फर्श पर पड़ा था और उसके चारों ओर खून फैला हुआ था।

## घटना की जांच में जुटी पुलिस..

इजरायली पुलिस प्रवक्ता यूनिट ने ईमेल से दिए एक जवाब में बताया, 'यरूशलम के कटामोन इलाके में एक अपार्टमेंट में 40 वर्षीय भारतीय नागरिक के मृत पाए जाने की सूचना मिली। इसके बाद, मोरिया पुलिस स्टेशन के अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और फोरेंसिक जांचकर्ताओं के साथ प्रारंभिक जांच शुरू की।' पुलिस ने कहा, 'घटनास्थल पर प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि घटना आपराधिक प्रकृति की है।'

## इजरायली नागरिक गिरफ्तार..

पुलिस ने आगे कहा कि इजरायल पुलिस अधिकारियों ने जल्द ही एलाट निवासी की पहचान कर उसे हत्या में संलिप्तता के संदेह में गिरफ्तार कर लिया। संदिग्ध को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि अभी तक उसकी पहचान उजागर नहीं की गई है। भारतीय प्रवासी श्रमिक की पहचान भी अभी तक उजागर नहीं की गई है। घटना के बाद यरूशलेम जिला कमांडर अवशालोम पेल्ड भी घटनास्थल पर पहुंचे और जिला कमांडरों के साथ स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक आकलन के बाद, उन्होंने 'जांच जारी रखने' का निर्देश दिया और इसे यरूशलेम जिला केंद्रीय इकाई (YAMAR) को सौंप दिया।

## संदिग्ध से पूछताछ जारी..

घटनास्थल से पुलिस द्वारा जारी एक वीडियो में, मोरिया पुलिस स्टेशन के कमांडर, चीफ सुपरिंटेंडेंट युवल रूवेन कहते हैं कि 'यरूशलेम जिले के मोरिया स्टेशन में, एक घटना की सूचना मिली जिसमें एक व्यक्ति घर में बुरी तरह से लथपथ पाया गया।' रूवेन ने कहा, 'पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, इलाके को घेर लिया और प्रारंभिक जांच शुरू की। जांच के दौरान, हत्या के एक संदिग्ध का पता चला। जांच के परिणामस्वरूप हत्या में शामिल संदिग्ध को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। वर्तमान में, घटना की सच्चाई का पता लगाने के लिए अतिरिक्त जांच अभियान जारी हैं।'

# नीट परीक्षा, उर्वरकों की बढ़ती कीमतें और अन्य मांगो को लेकर आज कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

## कांग्रेस नेत्री हीना कावरे करेंगी नेतृत्व..



जगप्रेरणा लांजी।

***नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक प्रकरण, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग तथा किसानों को रासायनिक उर्वरकों की बढ़ती कीमतों और किल्लत से राहत***

दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस शनिवार, 25 जुलाई को लांजी में विरोध प्रदर्शन करेगी। कार्यक्रम का नेतृत्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष सुश्री हिना कावरे करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार शाम 4 बजे स्थानीय सुभाष चौक, लांजी में कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान एवं युवा एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद राज्यपाल के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कराने, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तथा किसानों को पर्याप्त मात्रा में उचित मूल्य पर रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर मामलों और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार संवेदनशीलता नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में किसान उर्वरकों की कमी और बढ़ती कीमतों से परेशान हैं, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है।

कांग्रेस ने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं, किसानों, युवाओं एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर जनहित के इस आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

# देवशयनी एकादशी / आषाढ़ी एकादशी से मांगलिक कार्यों में लगेगा विराम..



जगप्रेरणा लांजी।

***आषाढ़ मास के एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है , हिन्दू धर्म में मान्यता के अनुसार देवशयनी एकादशी***

(आषाढ़ शुक्ल 11) से देवोत्थान एकादशी (कार्तिक शुल्क 11 तक) देवता सोते हैं। इसी आधार पर तमाम कर्मकाण्डी पंडितों द्वारा इस बीच विवाह, यज्ञोपवित आदि पारिवारिक संस्कार करने कराने को निषेध बताया गया है। इसी आधार पर आज से देवशयनी एकादशी से देवोत्थान एकादशी तक मांगलिक कार्यक्रमों पर विराम लग जाएगा, जिसके चलते मांगलिक एवं वैवाहिक कार्यक्रम सहित शुभ कार्यों में विराम लग जाएगा। वहीं दूसरी ओर चतुर्मास प्रारंभ होते ही धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजन कार्यक्रम, सावन लगते ही अखंड रामायण पाठ एवं अभिषेक पूजा अर्चना जैसे धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। इसी के साथ चतुर्मास प्रारंभ होते ही गुरु शिष्य परंपरा अनुसार बहुत से लोग अनुष्ठान, जप, ध्यान, नियमों का पालन करते हुये घरों में मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा अर्चना की जाएगी।

## विट्ठल- रुखमाई मंदिर में आषाढ़ी एकादशी पर आज होंगे धार्मिक कार्यक्रम..

लांजी नगर के सुन्दरटोला में स्थित भगवान विठ्ठल - रुखमाई मंदिर में आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़े ही भक्ति भाव से अभिषेक पूजन भजन के साथ उत्साह पूर्वक मनाकर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। ज्ञात हो कि त्रिलोकराव रामटेक्कर जो कि वर्तमान में मुम्बई में रहते हैं के द्वारा अपने पैतृक निवास में वर्ष 2012 में भव्य मंदिर का निर्माण कर पढंरपुर से भगवान विठ्ठल - रुखमाई की प्रतिमाओं को लाकर स्थापित किया गया है। यह नगर व क्षेत्र का एक मात्र भगवान विठ्ठल - रुखमाई का मंदिर देवस्थान है, जो कि हमेशा सभी भक्तों के लिए खुला है। यहां प्रतिवर्ष उनके द्वारा देवशयनी एकादशी (आषाढ़ी एकादशी) पर्व पर लांजी पहुंचकर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसी के तहत आज 25 जुलाई को सुबह भगवान विठ्ठल - रुखमाई का विधि-विधान से अभिषेक कर पूजन अर्चन किया जाएगा। दोपहर में भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी एवं संध्या में प्रसादी का वितरण किया जाएगा। त्रिलोकराव रामटेक्कर एवं परिवार ने सभी धर्मप्रेमी भक्तजनों से उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

# एक गुरु - एक वृक्ष अभियान के तहत संदीपनी में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम..

## नवाचार शिक्षा अवलोकन डोरली विद्यालय परिवार ने किया भ्रमण..








जगप्रेरणा लांजी।

***शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रसिद्ध सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोलेगाँव में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत***

शुक्रवार, 24 जुलाई 2026 को 'एक गुरु-एक वृक्ष' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य बी.आर. गुरदे एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने फ्लदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संकल्प लिया।

इसी दिन विद्यालय में संचालित नवाचार आधारित शैक्षणिक गतिविधियों के अवलोकन हेतु शासकीय माध्यमिक शाला डोरली के 58 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का शैक्षणिक भ्रमण भी आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का तिलक लगाकर, बिस्किट पैकेट एवं पेन भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। डोरली विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक सुरेश बेदरे, शिक्षिका भूमेश्वरी डिब्बे, गीतांजलि रामटेक्कर एवं माधुरी भटेरे ने विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की कक्ष सज्जा, शैक्षणिक चार्ट, नवाचार गतिविधियों और संपूर्ण शैक्षणिक वातावरण का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय की साज-सज्जा, अनुशासित वातावरण एवं रचनात्मक शिक्षण प्रणाली की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां आकर एक प्रेरणादायक और ऊर्जावान विद्यालयी माहौल का अनुभव हुआ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यहां से मिली सीख को अपने विद्यालय में भी लागू करने का प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था प्राचार्य बी.आर. गुरदे ने कहा कि भयमुक्त, स्वच्छ, स्वस्थ एवं आकर्षक विद्यालयी वातावरण विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और सीखने के लिए प्रेरित करता है।

इससे विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ती है और उसका सकारात्मक प्रभाव परीक्षा परिणामों में भी दिखाई देता है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से अपने-अपने विद्यालय को स्वच्छ, सुंदर और प्रेरणादायी बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया तथा गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के इस प्रेरणादायी आयोजन का समापन किया।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती बम धमाका, 12 सैनिकों समेत 15 की मौत..



डेस्क जगप्रेरणा।

***पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी सुरक्षा चौकी से टकरा दी, जिससे 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई।***

सेना ने बताया कि शुक्रवार शाम खैबर पख्तूनख्वा में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को सुरक्षा चौकी से टकरा दिया, जिसके बाद गाड़ी में विस्फोट हो गया। 15 मृतकों में 12 सैनिक,

2 पुलिसकर्मी और वन विभाग का एक पूर्व सरकारी अधिकारी शामिल हैं।

## 'सुरक्षाबलों ने 12 चरमपंथियों को मार गिराया'..

सेना के बयान के अनुसार, यह हमला टैंक जिले में हुआ, जहां उग्रवादियों ने विस्फोटक से लदी गाड़ी को सुरक्षा चेक पोस्ट की बाहरी दीवार से टकरा दिया, जिससे जबरदस्त धमाका हुआ और उस जगह को भारी नुकसान पहुंचा। सेना के मुताबिक, हमले के दौरान सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की और 12 उग्रवादियों को मार गिराया।

## खैबर पख्तूनख्वा में बढ़ रही चरमपंथी हिंसा..

इस हमले की जिम्मेदारी तुरंत किसी गुट ने नहीं ली, लेकिन यह इलाका इस्लामी चरमपंथी समूह 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' **(TTP)** के बढ़ते हिंसक अभियान की चपेट में है। इस इलाके में चरमपंथी हिंसा में तेजी से बढ़ोतरी हुई है, जिसका मुख्य कारण प्रतिबंधित संगठन **TTP** को माना जाता है। इस संगठन ने हाल के वर्षों में खैबर पख्तूनख्वा में हमले तेज कर दिए हैं।

## अफगानिस्तान से पनप रहे चरमपंथ को ठहराया जिम्मेदार..

पाकिस्तान ने पहले भी खैबर पख्तूनख्वा और दक्षिणी सीमावर्ती प्रांत बलूचिस्तान में हमलों में बढ़ोतरी के लिए अफगानिस्तान से पनप रहे चरमपंथ को जिम्मेदार ठहराया है, जबकि तालिबान सरकार इसमें अफगान संलिप्तता से इनकार करती है। इन आरोपों के कारण पड़ोसी देशों के बीच कड़वाहट और सशस्त्र संघर्ष पैदा हुआ है।

पाकिस्तान ने घातक हवाई हमले किए हैं, जिनके बारे में उसका कहना है कि वे अफगान धरती पर चरमपंथियों को निशाना बनाते हैं। तालिबान सरकार और संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि जून में पूर्वी अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के ताजा हमलों में दर्जनों आम नागरिक मारे गए थे।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200





जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## जूडोका तूलिका ठिकाने की जानकारी देने में नाकाम रहने के बाद निलंबित, राष्ट्रमंडल खेलों से हटाया गया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता जूडोका तूलिका मान को पिछले 12 महीनों में तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है***



जिससे उन्हें ग्लासगो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों से भारतीय टीम से हटा दिया गया है। तूलिका (27 वर्ष) ने 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 78 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में रजत पदक जीता था और इस बार भी वह पदक की प्रबल दावेदार थीं। अब उन पर दो साल के प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है। एक जूडो कोच ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, 'वह 12 महीनों के भीतर तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहीं और नाडा ने उन्हें नोटिस भेजा है। इसलिए उन्हें टीम से बाहर किया जाएगा।' इस तरह दिल्ली की यह खिलाड़ी ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों से हटाई जाने वाली दूसरी जूडोका बन गईं।

बृहस्पतिवार को एक अन्य भारतीय जूडोका अरुण कुमार (73 किग्रा से कम वजन वर्ग में) को भी हटा दिया गया क्योंकि वह प्रतियोगिता से बाहर की गई डोप जांच में विफल पाए गए। नाडा ने उनके शरीर में एनाबॉलिक स्टेरॉयड पाए जाने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया।

तूलिका देश की सबसे सफल जूडो खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उनका अभियान राउंड ऑफ 32 में समाप्त हो गया था। उन्होंने 2022 और 2024 विश्व जूडो चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया था।

भारतीय जूडो टीम अभी तक राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना नहीं हुई है क्योंकि उनकी प्रतियोगिताएं 31 जुलाई से शुरू होंगी। टीम के जूडो खिलाड़ियों को 27 जुलाई को रवाना होना है। भारत ने शुरुआत में 14 सदस्यीय जूडो टीम को मंजूरी दी थी, जिसमें सात पुरुष और सात महिला खिलाड़ी शामिल थे। पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कुल तीन पदक जीते थे। 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में गई छह सदस्यीय भारतीय जूडो टीम ने दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया था।

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के नियमों के अनुसार 12 महीनों की अवधि में तीन बार स्थल की जानकारी नहीं देने (स्थान संबंधी जानकारी जमा नहीं करना या फिर डोप जांच के लिए अनुपस्थित रहना) को डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन माना जाता है। 'रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल' (आरटीपी) में शामिल खिलाड़ियों को अपने रात में ठहरने के स्थान का पूरा पता, ट्रेनिंग स्थल, कार्यस्थल या अन्य नियमित गतिविधियों के स्थान का पूरा विवरण तथा प्रत्येक गतिविधि का सामान्य समय देना अनिवार्य होता है।

इसके अलावा आरटीपी में शामिल खिलाड़ियों को हर दिन के लिए 60 मिनट का एक निश्चित समय और स्थान भी बताना होता है, जहां वे डोप जांच के लिए उपलब्ध मिलेंगे। अगर कोई खिलाड़ी इन स्थान संबंधी जानकारी और डोप जांच से जुड़ी अनिवार्यताओं का पालन नहीं करता है तो इसे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लघंन माना जाता है।

## आकांक्षा चमोला का 'लॉक अप 2' में छलका दर्द, गौरव खन्ना की एंट्री पर जताई नाराजगी, फिर चर्चा में आया कपल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***'लॉक अप 2' के नए एपिसोड में आकांक्षा चमोला को अपने पति गौरव खन्ना की घर में एंट्री के बारे में खुलकर बात करते देखा गया। अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का बयान जमकर वायरल हो रहा है, जिसने हलचल मचा दी है।***



आकांक्षा और गौरव लंबे समय से अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में है। इसी बीच उन्होंने अपने पति गौरव को अजनबी कहकर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। आकांक्षा ने अजनबी कहते हुए कहा कि अगर गौरव की बजाय उनके परिवार का कोई व्यक्ति उनसे मिलने आता तो उसे अच्छा लगता।

### गौरव खन्ना की एंट्री से नाखुश थीं आकांक्षा चमोला..

तलाक की खबरों के बाद अब एक बार फिर टीवी का सबसे पसंदीदा कपल चर्चा में है। गौरव खन्ना के लिए आकांक्षा चमोला की बाते सुन श्रेया कालरा और शिल्पा शिंदे हैरान रह गईं। वायरल वीडियो में तीनों को साथ में बातचीत करते देखा जा सकता है। इस दौरान आकांक्षा ने यह तक कहा कि अगर गौरव की जगह उनकी मां, पिता या उनका पालतू कुत्ता भी आता तो उन्हें ज्यादा खुशी होती। दरअसल, धीरज धूपर की पत्नी विन्नी अरोड़ा के 'लॉक अप 2' हाउस में एंट्री करने के बाद श्रेया ने आकांक्षा से कहा, 'तुम्हारा भी आ गया, इसका भी आ गया। मेरे को भी मेरा बॉयफ्रेंड चाहिए थोड़ी देर के लिए।' इसका जवाब देते हुए, आकांक्षा ने चुटकी ली और कहा:

'मेरे एक्स तो था वे। हंस तो रहा था वरुण की तेरा परिवार कहा आया। तेरा तो अजनबी आया था। हां, यार उससे अच्छा तो कोई फैमिली से आता तो बेहतर था। मैं अपना कंफर्ट चाहती थी। मेरे लिए जितना है, उससे कहीं ज्यादा उसके लिए है। इसे अच्छा मेरे माता-पापा आते या फिर मेरा कुत्ता ही आ जाता।'

### आकांक्षा चमोला-गौरव खन्ना के तलाक की वजह..

आकांक्षा चमोला ने सबसे पहले 'लॉक अप 2' में बताया था कि उन्होंने और गौरव खन्ना ने अपनी शादी खत्म करने का फैसला किया है। उन्होंने जेल के अंदर इसे अपने डार्क सीक्रेट्स में से एक के तौर पर बताया। उन्होंने बताया कि दोनों अलग-अलग रह रहे थे और तलाक लेने की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही कहा कि शादी के कई सालों बाद उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया।

इस बारे में बात करते हुए, आकांक्षा ने यह भी खुलासा किया था कि बच्चे पैदा करने का मुद्दा उनके रिश्ते में एक वजह थी, लेकिन उन्होंने साफ किया कि अलग होने के फैसले के पीछे यही एकमात्र कारण नहीं था। एक्ट्रेस ने कहा कि कई निजी कारणों की वजह से उन्होंने आपसी सहमति से तलाक का फैसला लिया है।

## इंग्लैंड क्रिकेट से आई बड़ी खबर, जो रूट फिर बन सकते हैं इंग्लिश टेस्ट टीम के कप्तान..

डेस्क जगप्रेरणा।

***इंग्लैंड क्रिकेट में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। अनुभवी बल्लेबाज जो रूट की टेस्ट टीम के कप्तान के रूप में वापसी लगभग तय मानी जा रही है।***



बेन स्टोक्स के इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद खाली हुई कप्तानी की सीट को लेकर कई नामों पर चर्चा हुई, लेकिन अब इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड यानी **ECB** अनुभवी रूट पर दोबारा भरोसा जताने की तैयारी में है।

### कप्तानी की रेस में ब्रूक से आगे रूट..

ऐसा माना जा रहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले इस फैसले का आधिकारिक ऐलान किया जा सकता है। हालांकि, बेन स्टोक्स के उपकप्तान हैरी ब्रूक को भविष्य का कप्तान माना जा रहा था, लेकिन बोर्ड फिलहाल उन्हें यह जिम्मेदारी देने के पक्ष में नहीं दिख रहा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्वष्टक्च का मानना है कि ब्रूक को पहले अपने खेल पर पूरी तरह ध्यान देने का मौका दिया जाना चाहिए, जबकि टीम को इस समय एक अनुभवी और स्थिर नेतृत्व की जरूरत है। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भी इसका संकेत देखने को मिला था। लंदन के एक नाइटक्लब से जुड़े विवाद के कारण स्टोक्स निलंबित थे, तब टीम की कमान हैरी ब्रूक को नहीं बल्कि जो रूट को सौंपी गई थी। टीम मैनेजमेंट का मानना था कि उस समय अनुभवी खिलाड़ी के हाथों में नेतृत्व अधिक सुरक्षित रहेगा। क्रिकेट स्पेशलिस्ट इसकी तुलना उस दौर से भी कर रहे हैं जब स्टीव स्मिथ और डेविड वॉर्नर विवाद के बाद ऑस्ट्रेलिया ने टिम पेन को कप्तान बनाया था। द एथलेटिक की रिपोर्ट के अनुसार, श्वष्टक्च 19 अगस्त से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए जो रूट को कप्तान नियुक्त कर सकता है। इतना ही नहीं, बोर्ड उन्हें अगले साल होने वाली प्रतिष्ठित एशेज सीरीज की तैयारियों तक भी इस भूमिका में बनाए रखने पर विचार कर रहा है।

### जो पहले भी रह चुके हैं कप्तान..

जो रूट इससे पहले 2017 से 2022 तक इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने 64 टेस्ट मैचों में टीम का नेतृत्व किया और इस दौरान इंग्लैंड को 27 जीत दिलाईं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के कठिन दौरों के बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ दी थी। अब एक बार फिर इंग्लैंड की नजरें अपने सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज पर है। गौरतलब है कि बेन स्टोक्स ने अपने चार साल के कार्यकाल में मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ मिलकर इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट की तस्वीर बदल दी थी।

आक्रामक बैजबॉल शैली ने न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम को कई यादगार जीत दिलाईं। हालांकि, एशेज और भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिल सकी। कप्तान के अलावा इंग्लैंड को अभी टेस्ट टीम का हेड कोच भी नियुक्त करना है। ब्रेंडन मैकुलम के बाद एंडी फ्लावर को इस पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन उन्होंने यह जिम्मेदारी संभालने से इनकार कर दिया।

## शेफाली जरीवाला के निधन के 13 महीने बाद पराग त्यागी पर फिर टूटा दुखों का पहाड़, अब पेट डॉग सिम्बा की हुई मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***'कांटा लगा गर्ल' शेफाली जरीवाला का 27 जून, 2025 को 42 साल की उम्र में निधन हो गया था। शेफाली की मौत से उनके पति और एक्टर पराग त्यागी बुरी तरह टूट गए।***



पराग अक्सर शेफाली की तस्वीरें-वीडियो शेयर करते हुए उनकी यादें फैंस के साथ साझा करते रहते हैं। अब तक पराग, शेफाली की मौत के गम से बाहर नहीं आ पाए थे कि अब उन पर दुखों का एक और पहाड़ टूट पड़ा है। शेफाली और पराग का प्यारा पेट डॉग सिम्बा भी अब इस दुनिया में नहीं रहा। शेफाली के गुजरने के लगभग एक साल बाद, उनके पालतू कुत्ते सिम्बा की भी मौत हो गई, जो अक्सर शेफाली और उनके पति पराग त्यागी के सोशल मीडिया पोस्ट में दिखाई देता था। शेफाली, अपने पेट डॉग को अपने बच्चे की तरह मानती थीं और उनके जाने के बाद पराग सिम्बा का ख्याल रख रहे थे। अब पराग ने एक दिल को छू लेने वाले कैप्शन के साथ सिम्बा के मौत की जानकारी दी है।

### शेफाली जरीवाला के पेट डॉग की मौत..

पराग त्यागी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसके जरिए उन्होंने सिम्बा की मौत की जानकारी दी। पराग कई बार बता चुके हैं कि शेफाली, सिम्बा से कितना प्यार करती थीं और अब उन्होंने एक वीडियो शेयर करते हुए सिम्बा को आखिरी विदाई दी है। वीडियो शेयर करते हुए पराग ने कैप्शन में लिखा, 'अब मम्मा (शेफाली) अकेली नहीं हैं, सिम्बा भी मम्मा के पास है और बहुत खुश है। मैं आप दोनों से दूसरी दुनिया में मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।' इस वीडियो में शेफाली, सिम्बा पर प्यार लुटाती दिख रही थीं।

### सोशल मीडिया यूजर्स का रिएक्शन..

पराग त्यागी का पोस्ट देखने के बाद फैंस ने भी कमेंट के जरिए सिम्बा की मौत पर दुख जाहिर किया और पराग को ढांढस बंधाया। एक ने कमेंट में लिखा, 'इतना दर्द सहने के बाद भी आप जिस तरह पॉजिटिव बने हुए हैं, वह बहुत ही प्रेरणादायक है। आप हर स्थिति में पॉजिटिविटी ढूंढ लेते हैं। भगवान की कृपा आप पर बनी रहे। रेस्ट इन पीस सिम्बा।' एक ने लिखा- 'बहुत ही दुखद, भगवान सिम्बा की आत्मा को शांति दे।' एक और लिखता है - 'ये बहुत ही दुखद खबर है। आपके लिए प्यार, प्रार्थना और हिम्मत। ईश्वर आप पर अपनी कृपा बनाए रखे।'

### सिम्बा के साथ शेफाली का पुराना वीडियो

शेफाली जरीवाला के गुजरने के एक महीने बाद, 27 जुलाई को पराग ने सिम्बा की तरफ से शेफाली के लिए एक नोट लिखा था। 27 जून को शेफाली जरीवाला की पहली बरसी थी और एक्टर ने अपने डॉग सिम्बा के साथ आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के साथ उनकी पुण्यतिथि मनाई थी। वहीं इससे पहले पराग ने एक वीडियो शेयर करते हुए बताया था कि शेफाली की पहली बरसी से पहले वह 21 दिनों की करेंगे साधना। उन्होंने एक वीडिय शेयर किया था, जिसमें कहा- 'आज हिंदू पंचाग के हिसाब से आज परी को अपना शरीर छोड़े हुए 1 साल हो गया है। इसलिए मैं आज से नई साधना शुरू कर रहा हूं। ये 21 दिनों की है, जो ब्रह्म मुहूर्त में होती है।'

## जिम्बाब्वे से श्रृंखला जीतने के लिए मैदान पर उतरेगी भारतीय टीम..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में अपनी पहली जीत से वापसी की राह पर अग्रसर भारत शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करते हुए जिम्बाब्वे के खिलाफ अजेय बढ़त हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध होगा।***

आयरलैंड (0-2) और इंग्लैंड (0-4) से हारने के बाद तीन बार के टी20 विश्व कप विजेता भारत ने बृहस्पतिवार को यहां तीन मैच की श्रृंखला के पहले मैच में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जिम्बाब्वे को सात विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 19 गेंदों में खेली गई 50 रन की पारी और मयंक यादव (चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी ने भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जिम्बाब्वे ने हाल में अपने घरेलू मैदानों पर अच्छा प्रदर्शन किया था।

भारत ने सूर्यवंशी के अर्धशतक, इशान किशन के 35 रन और कप्तान अय्यर की 28 रन की नाबाद पारी की बदौलत छह ओवर और सात विकेट शेष रहते हुए 126 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर दिया।

दो साल पहले हरारे स्पोर्ट्स क्लब में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करते हुए अपने दूसरे ही मैच में ही शतक बनाने वाले अभिषेक शर्मा पहले मैच में नहीं चल पाए थे और वह उसकी भरपाई करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। सूर्यवंशी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड बनाया। इस युवा बल्लेबाज को इससे काफी राहत मिली होगी, क्योंकि इंग्लैंड दौरे पर उन्हें विशेष रूप से शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया जा रहा था।

भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से ज्यादा युवा तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामूहिक प्रयास से खुश होगा। वीवीएस लक्ष्मण इस श्रृंखला में मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे हैं।

भारत ने परिस्थितियों से अच्छी तरह से तालमेल बिठाया। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और 29 रन देकर दो विकेट लिए। अशोक शर्मा ने भी अपनी गति से प्रभावित किया लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। लेकिन सबसे बड़ी उपलब्धि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मयंक की शीर्ष स्तरीय क्रिकेट में सफल वापसी थी, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद चोटिल के कारण लगभग दो साल मैदान से बाहर रहे।

पहले मैच में मयंक की गति और नियंत्रण दोनों ही बेहतरीन थे, जिसमें जिम्बाब्वे के प्रमुख बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को बाहर की तरफ स्विंग लेने वाली गेंद पर आउट करना महत्वपूर्ण था।

जिम्बाब्वे को पावरप्ले में जरूरत से ज्यादा विकेट गंवाने का अफसोस रहेगा। उसके बल्लेबाज भारतीय तेज गेंदबाजों का सामना करने में नाकाम रहे और भारत के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य नहीं रख पाए। इस श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा।

### टीम इस प्रकार हैं:

भारतः श्रेयस अय्यर (कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, अशोक शर्मा, प्रिंस यादव, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, यश ठाकुर।

जिम्बाब्वेः सिकंदर. रज़ा (कप्तान), बेन करन, इनोसेंट काला, तादिवानाशे मारुमनी (विकेटकीपर, डायोन मायर्स, तफदज़्वा त्सिगा (विकेटकीपर), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ब्रैड इवांस, वेस्ले मधेवेरे, तनाका चिवांगा, वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, रिचर्ड नगारवा, न्यूमैन न्यामुरी।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे शुरू होगा।

## 'इंडियन आइडल 16' के टॉप 6 फाइनलिस्ट्स का खुलासा, लेकिन ग्रैंड फिनाले में नहीं दिखेंगे विशाल ददलानी, सामने आई वजह..

डेस्क जगप्रेरणा।

***कई महीनों के परफॉर्मेंस, इमोशनल पलों और प्रेरणादायक कहानियों के बाद इंडियन आइडल सीजन 16 रविवार, 26 जुलाई को अपने ग्रैंड फिनाले के साथ खत्म होने वाला है।***



'यादों की प्लेलिस्ट' थीम पर आधारित यह फिनाले संगीत, पुरानी यादों और जश्न से भरी शाम का वादा करता है, जिसमें छह फाइनलिस्ट में से कोई एक इंडियन आइडल की शानदार ट्रॉफी जीतेगा। हालांकि, 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड फिनाले में विशाल ददलानी नहीं दिखेंगे। उन्होंने खुद इसके पीछे की वजह भी बताई है।

### इंडियन आइडल 16 के टॉप 6 फाइनलिस्ट..

अंशिका चोनकर, ज्योतिर्मयी नायक, मनराज वीर सिंह, मायस्मे बोसू, सुहैल सूफी और तनिष्क शुक्ला ने पूरे सीजन में जजों और दर्शकों को प्रभावित करने के बाद कॉम्पिटिशन में जगह बनाई है। जज विशाल ददलानी, श्रेया घोषाल और बादशाह ने पूरे कॉम्पिटिशन के दौरान कंटेस्टेंट का मार्गदर्शन किया है, जबकि होस्ट आदित्य नारायण ने शो को हर पड़ाव पर आगे बढ़ाया है।

### फिनाले में शामिल न हो पाने पर विशाल ददलानी..

ग्रैंड फिनाले में कई खास मेहमान भी शामिल होंगे। श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ जश्न मनाने के लिए उषा उत्थुप, उदित नारायण, पापोन, कुमार सानू, शहनाज गिल और उर्मिला मातोंडकर भी आएंगे, जिससे फिनाले और भी शानदार होने वाला है। विशाल लंबे समय से विवादों में बने हुए हैं और अब शो में अपनी गैरमौजूदगी के कारण चर्चा में हैं। जी हां, विशाल ददलानी इस शो के फिनाले में नजर नहीं आएंगे। फिनाले से पहले विशाल ददलानी ने हिन्दुस्तान टाइम्स को बताया:

'यह सीजन शानदार टैलेंट और कुछ वाकई यादगार परफॉर्मेंस से भरा रहा है, जिस चीज ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया। वह है कंटेस्टेंट्स की सीखने, अपनी सीमाओं को पार करने और हर परफॉर्मेंस के साथ बेहतर बनने की इच्छा। ग्रैंड फिनाले तक पहुंचना ही अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है और हमारे टॉप 6 फाइनलिस्ट में से हर एक ने कड़ी मेहनत और लगन से अपनी जगह बनाई है।

मुझे बहुत दुख है कि पहले से तय कामों की वजह से मैं फिनाले का हिस्सा नहीं बन सका, लेकिन मैं उन सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे इंडियन आइडल के बाद भी संगीत बनाते रहेंगे।'

### ग्रैंड फिनाले कब और कहां देखें..

इंडियन आइडल सीजन 16 का ग्रैंड फिनाले रविवार, 26 जुलाई 2026 को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर दिखाया जाएगा और सोनीलिव पर भी स्ट्रीम होगा।

**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433




# साहित्य अभिव्यक्ति






दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## पुलिस द्वारा आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज गलत है, पर क्या आंदोलनकारियों का पुलिस पर हमला लोकतांत्रिक विरोध का हिस्सा होना चाहिए?

प्रो. (डॉ.) मनमोहन प्रकाश

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसकी सबसे बड़ी शक्ति केवल नियमित चुनाव नहीं, बल्कि नागरिकों को संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार भी है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(क) प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा अनुच्छेद 19(1)(ख) शांतिपूर्वक और बिना हथियारों के एकत्र होने का अधिकार प्रदान करता है। किंतु ये अधिकार निरपेक्ष नहीं हैं। संविधान के अनुच्छेद 19(2) और 19(3) के अनुसार सार्वजनिक व्यवस्था, राज्य की सुरक्षा, संप्रभुता, नैतिकता तथा अन्य नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए इन पर युक्तिसंगत प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। इसलिए लोकतंत्र में न तो राज्य का दमन स्वीकार्य है और न ही भीड़ की अराजकता।

पिछले कुछ वर्षों में छात्रों, किसानों, कर्मचारियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के आंदोलनों के दौरान दो प्रकार की तस्वीरें बार-बार सामने आई हैं। पहली तस्वीर में पुलिस द्वारा लाठीचार्ज, आँसू गैस या अन्य बल प्रयोग दिखाई देता है, जिसकी व्यापक आलोचना होती है। यदि प्रदर्शनकारी युवा या विद्यार्थी हों तो समाज की संवेदनशीलता स्वाभाविक रूप से और अधिक बढ़ जाती है,बढना भी चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में यह अपेक्षा भी उचित है कि पुलिस अत्यंत संयम, धैर्य और न्यूनतम आवश्यक बल के सिद्धांत का पालन करे,वो तब जब समझाइश से बात न बने।

किन्तु दूसरी तस्वीर पर अपेक्षाकृत कम चर्चा होती है। अनेक अवसरों पर प्रदर्शन हिंसक रूप धारण कर लेते हैं, पुलिस और सुरक्षा बलों पर पथराव किया जाता है, सरकारी वाहनों तथा सार्वजनिक संपत्ति में आग लगा दी जाती है, बैरिकेड तोड़े जाते हैं, यातायात बाधित किया जाता है और कई बार कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाले पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमले किए जाते हैं। प्रश्न यह है कि क्या लोकतांत्रिक विरोध के नाम पर ऐसी हिंसा को वैध ठहराया जा सकता है? क्या इस तरह की हिंसा की निंदा नहीं होना चाहिए?

यह भी सही है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पुलिस की भूमिका केवल कानून लागू करना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन, संपत्ति और सार्वजनिक व्यवस्था की रक्षा करना भी है। पुलिस वालों से अपेक्षा की जाती है वे केवल उतना ही बल प्रयोग करे, जितना अपरिहार्य और परिस्थितियों के अनुरूप ऐसा करना आवश्यक हो। साथ ही पुलिस की प्रत्येक कार्रवाई संविधान और मानवाधिकारों की कसौटी पर खरी उतरनी चाहिए। यदि कहीं अनावश्यक या अत्यधिक बल प्रयोग हुआ है, तो उसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जाँच होना लोकतांत्रिक शासन की अनिवार्य शर्त है। राज्य की शक्ति कानून से संचालित होनी चाहिए, प्रतिशोध से नहीं।

परंतु लोकतंत्र में यह सिद्धांत नागरिकों पर भी समान रूप से लागू होता है। प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिसकर्मियों पर हमला, पथराव, आगजनी या सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुँचाना किसी भी नैतिक, संवैधानिक या लोकतांत्रिक कसौटी पर उचित नहीं ठहराया जा सकता। पुलिसकर्मी भी इसी समाज के नागरिक हैं, जो अपने वैधानिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे होते हैं। उन पर हिंसक हमला केवल किसी व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि विधि के शासन और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर आघात है।

यह भी स्मरण रखना चाहिए कि किसी भी आंदोलन में नष्ट होने वाली सार्वजनिक संपत्ति अंततः जनता के करों से निर्मित होती है। बसें, रेलवे स्टेशन, सरकारी भवन, सड़कें और अन्य सार्वजनिक संसाधन किसी सरकार या दल की निजी संपत्ति नहीं होते, बल्कि देश के नागरिकों की सामूहिक पूँजी होते हैं। इन्हें क्षति पहुँचाना वस्तुतः आम नागरिकों के हितों को नुकसान पहुँचाना है। इसी कारण सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 के अंतर्गत ऐसी हिंसा दंडनीय अपराध मानी गई है।

किसी भी आंदोलन की सफलता उसकी हिंसक क्षमता से नहीं, बल्कि उसकी नैतिक वैधता, जनसमर्थन और तार्किकता से मापी जाती है। दूसरी ओर, सरकार और प्रशासन का भी यह दायित्व है कि जन-असंतोष को समय रहते सुने, प्रभावी संवाद तंत्र विकसित करे और समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील तथा उत्तरदायी दृष्टिकोण अपनाए। जब संवाद के रास्ते खुले रहते हैं, तब टकराव की संभावना स्वतः कम हो जाती है।

लोकतंत्र में किसी भी प्रकार की हिंसा का समर्थन नहीं किया जा सकता फिर चाहे वह पुलिस का अनावश्यक बल प्रयोग हो या प्रदर्शनकारियों की हिंसक प्रतिक्रिया। दोनों ही स्थितियाँ संविधान की भावना, कानून के शासन और लोकतांत्रिक संस्कृति को कमजोर करती हैं।

यदि भारत को एक परिपक्व और सशक्त लोकतंत्र के रूप में आगे बढ़ना है, तो हमें व्यक्तियों या समूहों के आधार पर नहीं, बल्कि सिद्धांतों के आधार पर निर्णय करना होगा। पुलिस के दमन की भी निष्पक्ष आलोचना होनी चाहिए और प्रदर्शनकारियों की हिंसा की भी उतनी ही स्पष्ट निंदा। लोकतंत्र की भाषा लाठी, पत्थर और आगजनी नहीं, बल्कि संवाद, संयम, संवैधानिक मर्यादा और पारस्परिक सम्मान है। यही लोकतंत्र की आत्मा है और यही भारत की लोकतांत्रिक परंपरा की सबसे बड़ी शक्ति भी।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## 'चलो रे भाई साधो'..

चलो रे भाई साधो,
आगे चलो, बड़े चलो।

रुकना नहीं, थकना नहीं,
जब मंज़िल खुद पुकारे,
तब कदम बढ़ाते चलो।

गिरकर भी जो उठ गया,
वही सच्चा सूरमा।
हार को भी जीत में,
बदलकर दिखाते चलो।

पसीना जो बहाया है,
वही कल की शान बनेगा।
दुनिया देखेगी एक दिन,
तेरा लहराता परचम बनेगा।

सपने बड़े देखो तुम,
हौसला आसमाँ रखो।
काँटों पर चलकर भी,
फूलों-सा नाम रखो।

अँधेरा कितना भी हो,
खुद दीप बनकर जलो।
चलो रे भाई साधो,
आगे चलो, बड़े चलो।

लेखक



हिमांशु हाड़गे
बालाघाट

## 'हर्ष की फुहार!'..


प्रेम के स्वर में सदा,
गुनगुनाता जाऊँगा।
इस सृजन को हमेशा,
समरसता सिखलाऊँगा।
खंड-खंड होती धरा को,
एक करने के लिए।
लेखनी से मैं अपनी,
नवलसुधा बरसाऊँगा।
बलवानों की लाठियाँ,
कितनी भी चलती रहें।
इन आँधियों का सामना कर,
एकत्व धरा पर लाऊँगा।
चुन-चुन कर फूलों को,
माला में पिरोकर स्नेह से,
माँ भारती के कंठ में;
पुष्पहार पहनाऊँगा।
ज़िन्दगी भी मुस्कुरा कर,
पुकारेगी एक दिन।
सरल शब्दों में जब मैं,
हाल-ए-दिल सुनाऊँगा।
प्रेरणा जो आपकी,
इसी तरह मिलती रहे।
भावनाओं से मैं,
इक नया मौसम
सर्जाऊँगा।
कामना है यही
'यमुनेश्वरी',
आयेगा परिवर्तन।
अपनी लेखनी से मैं सदा;
हर्ष की फुहार लाऊँगा।

लेखक



आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 227



ck;l l nk;l & 1) गुजरात राज्य के भूतपूर्व मुखमंत्री 6) शांत करना, ठंड़ा करना 10) जिसे दोनों आंखो से कुछ भी दिखाई न देता हो 11) अकल्पित, एकाएक 14) किसी चीज का नीचे का भाग 15) सांस लेने की क्रिया 16) स्वयं का गर्व, घमंड 17) शहर के प्रवेशद्वार पर वसुला जानेवाला महसूल 20) केरल निवासी या केरल का 21) लोगों का जी रमानेवाला दृश्य, अनोखी बात 22) मुगल 22) सम्राट का रजपूत साला 24) कुछ नही तो इतना ही सही,, कम से कम का अपभ्रंश रुप 27) बोले (संस्कृत), इस शब्द का प्रयोग संस्कृत ग्रंथों में होता था 28) कपड़ा या परदा 29) वायु यान 31) बड़ी थाली जिस में आटा गुंथा जाता है 32) सरहद 34) श्रीरामजी का एक नाम 36) फलों से निकलनेवाला द्रव 38) जल में घुमने का लिया गया आनन्द 40) शिवजी,, प्रत्येक 41).भारत की पहिली महिला राजदूत 44) घृणा, नापसंदगी 47) जीत 48) खाने का अनाज 49) चौकी,, पहरा, 'गार्ड' का हिन्दीकरण 51) बड़े लोगों को दिया गया उपहार 53) देह, शरीर 54) वर्षा, बारीश 55) अभिमान 56) एक लक्ष 57) रोकना, निषेध करना 60) ब्याज 61) गर्म हवा का झोंका जिसके लगने से बुखार आता है 62) तृतीया 64) नाव पर लगाया जानेवाला एवं गति पैदा करनेवाला चौड़ा वस्त्र 65) मूली 66) एक बंगला मिठाई 68) लगातार, निरंतर, न रुकते हुए 72) चोंचला, नाज अदा 73) दशा 74) नींद से सोकर उठना 75) जख्म से निकलनेवाला मवाद 76) घुमक्कड़, मनमौजी 78) हलफनामा 79) श्रेणी, वर्ग, कक्षा 80) आंखो से निकलनेवाला पानी,, अश्रु 82) मुंबई का एक प्रसिद्ध उपनगर 84) पुरस्कार 86) दिया गया वचन 87) और भी अच्छा 88) एक तार वाद्य 89) अरबों रुपयों का मालिक 91) प्रकार, भांति, किस्म 93) मूल्य, भाव 94) पर्वत 96) गर्भाशय, उदर 97) चौधरी चरणसिंगजी के समाधि स्थल को दिया गया नाम 98) हज यात्रा करके आया हुआ 101) हमारे एक भूतपूर्व केन्द्रीय रेल मंत्री का कुल नाम 103) बोझ डालना 104) हिमालय में कैलास पर्वत के नीचे स्थित एक पवित्र झील 106) पानी में उठती हुयी तरंग 107) पुनः याद दिलाना 108) रचयिता 109) घिसना

Åij l ulp & 1) ध्वज, पताका 2) चूभनेवाला तीव्र अग्र का नोकदार शस्त्र, पीड़ा 3) पश्चिम बंगाल के एक पुराने समाजसुधारक, इनके अथक प्रयत्न से ही अंग्रेज सरकार ने बाल विवाह पर रोक लगाने का कानून बनाया. 4) शरीर में छाती के दोनो ओर स्थित गोलाकार हड्डी 5) अंग्रेजी में दस 6) मुगल सम्राट, महाराज 7) एक अनाज 8) नरम या शांत होने की क्रिया या भाव 9) राज गद्दी 10) समाप्ति 12) चतूर, धूर्त 13) अर्ध विकसित फूल 16) 'अमावस्या' का संक्षिप्त रुप 18) जिस पर पेन्सिल या पेन से लिखा जाता है 19) पंडित नेहरु के समय के एक प्रमुख दक्षिण भारतीय नेता का नाम, जिनके नाम पर एक योजना भी लागू हो गयी थी 20) एक वनस्पति 21) समुद्र या नदी का किनारा 23) दृष्टि, निगाह 24) चाय का प्याला 25) पंजाब से बहनेवाली एक प्रमुख नदी 26) जीवन दाता 27) आयु 28) जो अपना न हो 30) एक प्रसिद्ध पुर्तगाली नाविक जिसने केप ऑफ गुड़ होप के द्वारा भारत पहुंचने के लिए जलमार्ग की खोज की थी 33) पीटना 34) आराम, सुख 35) दो देवियां, विष्णु की पत्नी और शंकरजी की पत्नी 37) जिसे गरज या आवश्यकता हो 39) एक देश जिसकी राजधानी हेनाय है 42) स्वर्ग (उर्दू) 43) गीला 45) कला, सांप का फैला हुआ सिर 46) विशेष प्रकार का गीत, मिथून चक्रवर्ती और रंजीता की एक पुरानी फिल्म 48) जलन, क्षार, नमक 50) बिचौलिया, सौदा तय करने में मध्यस्थ 52) मिन्नते करना अर्थवाला एक मुहावरा 54) देह 58) जीभ, जिव्हा 59) धनवान पुत्र 60) वराह 63) जनम देनेवाला 64) एक स्मृतिकार ऋषि या गोत्र 65) सफेद बालों को काला करने का रंग, खिजाब 67) असावधान, बेफिक्र 69) मृत्यु पत्र 70) रहम, दया 71) पृथ्वीतल का सातवां लोक 73) हाथ से कपड़ा बुनने का यंत्र 77) मैला, गंदा 80) कृत्रिम जलमार्ग 81) फिल्म अभिनेता संजय दत्त की मां का नाम 83) अलग, एक ओर 84) इतिहास का जानकार 85) राय, विचार 87) अधिकार से हटाया गया हुआ, दखल न देना 88) शिक्षा देना 89) अपरिचित 90) डाकू, लुटेरा, राह जन 92) नसनस 95) प्रथा, रस्म, चलन 99) शून्य (अं.) 100) श्रवण कराना 101) छोर, दूसरी ओर का तट 102) झुका हुआ 105) दूल्हा (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फू | ला | न | स | मा | ना | | सौ | | नी | र | ज | | क | लं | द | र | | र | का | ब |
| ल | ला | ट | | न | जा | रा | | अ | र | सा | | अ | व | का | श | | म | ज | बू | र |
| | ला | व | ण्य | | य | | स | म | व | य | स्क | | र | | ह | ता | ह | त | | बा |
| खां | ज | र | | व | ज | न | दा | र | | न | | द | | इ | रा | व | ती | | शा | दी |
| | प | ला | य | न | | र | | दी | दा | | न | वा | ग | त | | | | चा | ह | |
| क | त | ल | की | रा | त | | को | प | र | गां | व | | द | रा | र | | प | रा | ज | य |
| मी | रा | | न | ज | म | | र | | म | जा | क | क | र | ना | | | नी | | हां | |
| ना | य | ला | न | | त | ला | क | शु | दा | | था | र | | | च | हा | र | | | स |
| प | | प | | अ | मा | व | स | | र | घु | | ब | र | क | रा | र | | सु | ब | ह |
| न | ज | र | ल | ग | ना | | र | ट | | न | ज | ला | | त | रे | र | ना | | द | गा |
| | ज | वा | ह | र | | मा | | का | ल | | न | | प | ला | श | | ग | जा | न | न |
| क | | ही | र | | | मा | ह | | प | र | मे | श्व | र | | री | ति | रि | वा | ज | |
| म | द | | दा | ला | न | | र | प | ट | | ज | | दा | | फ | ल | क | | र | त |
| स | र | दा | र | भ | ग | त | सिं | ग | | जा | य | के | दा | र | | क | | श | | र |
| क | द | म | | | मा | ल | गा | ड़ी | | न | | व | | मा | ता | | ग | प | | का |
| म | र | न | प्रा | य | | वा | र | | अ | ना | क | ल | न | | ज | ग | न्ना | थ | पु | री |

anumeva-08446302691



8 शनिवार 25 जूलाई 2026

जग प्रेरणा

# व्यापार समाचार

● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## बैंक ऑफ इंडिया का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 36 प्रतिशत बढ़कर 3,068 करोड़ रुपये पर..

मुंबई, (भाषा)।

***सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफइंडिया का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 36.23 प्रतिशत बढ़कर 3,067.90 करोड़ रुपये रहा। बैंक के लाभ में वृद्धि मुख्य रूप से गैर-ब्याज आय में बढ़ोतरी के कारण हुई।***




बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 2,252.12 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

एकीकृत आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 80.51 प्रतिशत बढ़कर 3,302.58 करोड़ रुपये हो गया, जबकि 2025-26 की समान तिमाही में यह 1,829 करोड़ रुपये था।

बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) भी समीक्षाधीन तिमाही में 12.61 प्रतिशत बढ़कर 6,833 करोड़ रुपये हो गई, जो 2025-26 की समान तिमाही में 6,068 करोड़ रुपये थी।

हालांकि, बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) जून तिमाही में घटकर 2.52 प्रतिशत रह गया, 2025-26 की समान तिमाही में 2.58 प्रतिशत था। इस दौरान बैंक के ऋण में 18.64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

बैंक की निवेशक प्रस्तुति के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में गैर-ब्याज आय 19.07 प्रतिशत बढ़कर 2,579 करोड़ रुपये हो गई, जो 2025-26 की समान तिमाही में 2,166 करोड़ रुपये थी।

बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रजनीश कर्णाटक ने बताया कि बैंक ने अब तक विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) (एफसीएनआर-बी) जमा के माध्यम से 20 करोड़ डॉलर जुटाए हैं और सितंबर तक 120 करोड़ डॉलर जुटाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में इसकी मांग बढ़ी है और कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका, जापान तथा पश्चिम एशिया समेत कई देशों से मांग आ रही है।

बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) दर जून 2026 में सुधरकर 1.81 प्रतिशत रह गई, जो जून 2025 में 2.92 प्रतिशत थी। वहीं, शुद्ध एनपीए दर घटकर 0.51 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 0.75 प्रतिशत थी।

## मांग कमजोर रहने से सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, पाम-पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली, (भाषा)।

***ऊंचे दाम पर मांग कमजोर रहने के बीच देश की मंडियों में शुक्रवार को सरसों तेल-तिलहन तथा आयातकों की लागत से नीचे दाम पर सौदों की बिकवाली करने से सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट आई।***



बाजार सूत्रों ने कहा कि दूसरी तरफगुजरात में ब्रांडेड कंपनियों की त्योहारी मांग बढ़ने के साथ साथ उपलब्धता कम रहने से बिनौला तेल के दाम में सुधार आया। वहीं, सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन और सोयाबीन तिलहन के दाम स्थिर रहे।

मलेशिया एक्सचेंज दोपहर साढ़े तीन बजे सुधार के साथ बंद हुआ। जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में गिरावट जारी है।

सूत्रों ने कहा कि त्योहारी मांग होने के बावजूद देश के आयातक सोयाबीन, सीपीओ एवं पामोलीन तेल को लागत से भी नीचे दाम पर बेचना जारी रखे हैं जो इन आयातित तेल कीमतों में गिरावट का मुख्य कारण है। जबकि ऊंचे दाम के कारण सरसों में लिवाली प्रभावित है जिसकी वजह से सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट आई।

उन्होंने कहा कि विशेषकर गुजरात में बड़े ब्रांडेड कंपनियों की बिनौले की जबर्दस्त त्योहारी मांग है जबकि उपलब्धता ना के बराबर है। इसके कारण बिनौला तेल कीमतें मजबूत रहीं।

देश में सोयाबीन की प्रतिदिन की खपत लगभग 2.5 से 3 लाख बोरी की है और तमाम प्रयासों के बावजूद आवक लगभग 90 हजार बोरी से आगे बढ़ नहीं रही है। राजस्थान के कोटा में सोयाबीन के तेल-रहित खल (डीओसी) की भारी मांग होने के बावजूद सोयाबीन दाना (तिलहन) का दाम नीचे बना हुआ है। इन परिस्थितियों में सोयाबीन तिलहन स्थिर रहा। ऊंचे खुदरा भाव पर सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम भी स्थिर बने रहे।

तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे।

सरसों तिलहन - 8,175-8,200 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 7,350-7,925 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 17,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,665-2,965 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 16,650 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,710-2,810 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,710-2,860 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,250 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,800 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,700 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,500 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,425-7,475 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,275-7,350 रुपये प्रति क्विंटल।

## ईमानदार करदाताओं को सहूलियत, जानबूझकर चोरी पर सख्ती करें आयकर अधिकारी: सीतारमण

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को आयकर विभाग के अधिकारियों से ईमानदार करदाताओं के लिए प्रक्रिया को आसान बनाने और जानबूझकर कर चोरी करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने को कहा।***

इसके साथ ही सीतारमण ने उत्तरदायी कर प्रशासन के लिए पहचान, प्रतिक्रिया, निवारण, समीक्षा और सुधार रूपी पांच प्राथमिकताओं पर विशेष जोर दिया। वित्त मंत्री ने 167वें आयकर दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि विभाग की भूमिका अब केवल 'कर संग्रह' तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें पारदर्शिता, दक्षता, व्यापार सुगमता और सेवा भाव भी शामिल हो गया है।

उन्होंने कहा ÷डेढ़ सदी से अधिक समय में आयकर विभाग भारत के आर्थिक रूपांतरण के साथ विकसित हुआ है और देश की बदलती जरूरतों के अनुरूप खुद को लगातार ढालता रहा है।÷ सीतारमण ने कहा कि आयकर अधिनियम, 2025 के लागू होने से कानून को सरल बनाया गया है, अनिश्चितता कम हुई है और अनुपालन लागत घटी है। साथ ही, ई-फाइलिंग पोर्टल की क्षमता बढ़ने से इस बार आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की प्रक्रिया और मजबूत हुई है।

उन्होंने बताया कि एक दिन में एक करोड़ से अधिक करदाताओं को संभाला गया जबकि व्यस्त समय में यह संख्या 1.6 करोड़ तक पहुंच गई। आईटीआर दाखिल करने के मौजूदा सत्र में 21 जुलाई तक 3.2 करोड़ से अधिक रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं, जिनमें से करीब 94 प्रतिशत का सत्यापन और 60 प्रतिशत का निपटान किया जा चुका है।



इसके अलावा 1.3 करोड़ से अधिक कर रिफंड दावे किए गए, जिनमें 96 प्रतिशत को सत्यापित और 40 प्रतिशत को निपटाया जा चुका है। सीतारमण ने कहा कि रिफंड प्रक्रिया में तेजी लाने से करदाताओं का भरोसा बढ़ता है और उनकी नकदी स्थिति मजबूत होती है।

उन्होंने कहा, ÷हमारा दृष्टिकोण ऐसा होना चाहिए जिसमें ईमानदार करदाताओं को सुविधा मिले, वास्तविक त्रुटियों को सुधारने का अवसर दिया जाए और जानबूझकर कर चोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो।÷

वित्त मंत्री ने आयकर अधिकारियों से कहा कि कर कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग हमेशा विनम्रता के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि करदाता केवल कर आकलन का विषय न होकर देश का नागरिक और देश के विकास का साझेदार भी है। उन्होंने कर विवादों को कम करने और कर निश्चितता बढ़ाने पर भी जोर दिया। ÷कर निश्चितता स्वैच्छिक अनुपालन की मजबूत नींव है। हमें 'विवाद प्रबंधन' से आगे बढ़कर 'विवाद रोकथाम' की दिशा में काम करना होगा।÷

इस मौके पर राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में 2.24 लाख अपीलों का निपटान किया गया, जो एक साल पहले से 30 प्रतिशत अधिक है।

उन्होंने कहा कि विभाग ने स्पष्ट विधायी मसौदा तैयार करने, प्रक्रियागत नियमों को सरल बनाने, प्रौद्योगिकी के अधिक उपयोग और प्रक्रियाओं के मानकीकरण के जरिए अस्पष्टता और विवादों को कम करने के प्रयास किए हैं।

श्रीवास्तव ने कहा, ÷इन उपायों को और मजबूत करने की आवश्यकता है ताकि राजस्व की सुरक्षा के साथ कर विवादों का तेजी और अधिक दक्षता से निपटान किया जा सके।÷

वहीं, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा कि शिकायतों के समाधान में भी सुधार हुआ है और समय में काफी कमी आई है।

उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में विभाग ने केंद्रीकृत जन शिकायत निपटान और निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) के तहत 77,765 शिकायतों में से 72,933 शिकायतों का समाधान कर दिया। इसके साथ, ई-निवारण के तहत आई कुल 3,43,269 शिकायतों में 95 प्रतिशत को निपटाया गया।

उन्होंने कहा कि विभाग अब बार-बार आने वाली शिकायतों के मूल कारणों को दूर करने पर भी काम कर रहा है, ताकि करदाताओं को शुरुआत में ही कम समस्याओं का सामना करना पड़े।

## एसीसी का अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ 61 प्रतिशत घटकर 147 करोड़ रुपये पर..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अदाणी समूह की सीमेंट कंपनी एसीसी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 60.8 प्रतिशत घटकर 147 करोड़ रुपये रहा। बिक्री मात्रा में गिरावट के कारण कंपनी के लाभ पर असर पड़ा है।***

वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 375 करोड़ रुपये रहा था।


एसीसी लिमिटेड ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी की परिचालन आय भी 7.75 प्रतिशत घटकर 5,790 करोड़ रुपये रह गई, जो 2025-26 की समान तिमाही में 6,277 करोड़ रुपये थी। एसीसी के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद बाहेती ने कहा, ÷तिमाही के दौरान बड़े एकीकृत संयंत्रों के नियोजित रखरखाव, मूल कंपनी अंबुजा सीमेंट के साथ बढ़े हुए मास्टर सर्विस समझौते (एमएसए) का लाभ पर असर पड़ा। हालांकि, कंपनी मूल्य आधारित वृद्धि और बेहतर आय पर ध्यान केंद्रित करती रही।÷ वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कंपनी की प्रीमियम उत्पादों की बिक्री कुल व्यापारिक बिक्री में 44 प्रतिशत रही, जबकि 2025-26 की समान तिमाही में यह 41 प्रतिशत थी। इस बीच, एसीसी के निदेशक मंडल ने एम्प्लस आंध्र पावर प्राइवेट लिमिटेड में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बताया कि इस अधिग्रहण की लागत करीब 5.31 करोड़ रुपये होगी। यह कंपनी बुनियादी ढांचा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में काम करती है। अधिग्रहण प्रक्रिया 30 अक्टूबर, 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है।

एसीसी ने यह भी बताया कि मूल कंपनी अंबुजा सीमेंट के साथ विलय के लिए उसे बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) मिल गया है। कंपनी ने कहा कि इस संबंध में 29 जून, 2026 को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में आवेदन दाखिल किया गया है और नियामकीय मंजूरियों के बाद यह सौदा वित्त वर्ष 2026-27 में पूरा होने की उम्मीद है। अदाणी समूह अपने 'वन सीमेंट प्लेटफॉर्म' के तहत एसीसी और ओरिएंट सीमेंट समेत समूह की सीमेंट कंपनियों को अंबुजा सीमेंट के तहत एकीकृत करने की योजना पर काम कर रहा है।

## रुपया 20 पैसे मजबूत होकर 96.53 प्रति डॉलर पर बंद..

मुंबई, (भाषा)।

***अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 20 पैसे मजबूत होकर 96.53 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से रुपये को समर्थन मिला।***



उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव, एफआईआई की पूंजी निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में निरंतर नकारात्मक धारणाओं सहित विभिन्न कारणों से रुपया दबाव में रहा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 96.81 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 96.30 से 96.81 प्रति डॉलर के दायरे में रहा और अंत में पिछले बंद भाव के मुकाबले 20 पैसे की बढ़त के साथ 96.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

रुपया बृहस्पतिवार को 20 पैसे की गिरावट के साथ 96.73 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि रुपये में और गिरावट रोकने के लिए आरबीआई के हस्तक्षेप की रिपोर्ट है। कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा भी रुपये को स्थिर रखने के लिए डॉलर बेचने की बात सामने आई है।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने की स्थिति में रुपये पर दबाव बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भी रुपये को प्रभावित कर सकती हैं। हालांकि दोनों देशों के बीच राजनयिक बातचीत से रुपये में तेज गिरावट रुक सकती है। चौधरी ने कहा कि आरबीआई का हस्तक्षेप रुपये को निचले स्तर पर सहारा दे सकता है। उनके अनुसार, डॉलर के मुकाबले रुपया का हाजिर भाव 96.30 से 96.85 के दायरे में रह सकता है।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.41 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 3.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.10 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ 331.62 अंक टूटकर 76,059.77 अंक पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 102.15 अंक की गिरावट के साथ 23,767.45 अंक पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को 3,892.77 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की।

## अमेरिका का भारत पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाना बंधुआ मजदूरी मुद्दे का समाधान नहीं: जीटीआरआई..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अमेरिका में भारत समेत कई देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का उद्देश्य कथित बंधुआ मजदूरी मुद्दे का समाधान करना न होकर ट्रंप प्रशासन के शुल्क रवैये को कायम रखना लग रहा है।***



आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह अनुमान जताया। अमेरिका ने भारत सहित 17 देशों से आयातित उत्पादों पर बंधुआ मजदूरी (फोर्स्ड लेबर) से जुड़े आरोपों के तहत यह 10 प्रतिशत शुल्क लगाया है, जो 24 जुलाई से प्रभावी भी हो गया है।

'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस शुल्क के पीछे कोई ठोस तथ्यात्मक आधार नहीं है और अमेरिका ने यह साबित नहीं किया है कि भारत बंधुआ मजदूरी से विनिर्मित उत्पादों का आयात करता है। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही अपनी विदेशी व्यापार नीति में संशोधन कर बंधुआ मजदूरी से विनिर्मित उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगा चुका है और देश के घरेलू कानून भी इस तरह के श्रम को प्रतिबंधित करते हैं। यह नया शुल्क फरवरी में 150 दिनों के लिए वैश्विक स्तर पर लगाए गए अस्थायी 10 प्रतिशत शुल्क की जगह आया है। हालांकि 24 जुलाई से पहले रवाना और 28 जुलाई तक अमेरिका पहुंचने वाले सामान को इस शुल्क से छूट दी गई है।

जीटीआरआई ने कहा कि नए शुल्क से कच्चे माल, कृषि कच्चा माल, कुछ औद्योगिक उत्पाद, चिकित्सा आपूर्ति और धातु उत्पादों को छूट दी गई है जबकि इस्पात, एल्युमीनियम और वाहन कलपुर्जे जैसे धारा 232 के तहत आने वाले उत्पाद पहले से ही उच्च शुल्क के दायरे में हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के लगभग 70 प्रतिशत निर्यात अब इस 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क के दायरे में आएंगे, जो सर्वाधिक तरजीही देश (एमएफएन) के लिए लागू शुल्क के ऊपर लागू होगा। इनमें इंजीनियरिंग उत्पाद, वस्त्र, रसायन, मशीनरी, प्लास्टिक, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण और फर्नीचर शामिल हैं। श्रीवास्तव ने आगाह किया कि अमेरिका की एक अन्य जांच का निष्कर्ष आने के बाद औद्योगिक उत्पादों पर नए अतिरिक्त शुल्क लगाए जा सकते हैं, जिससे भारतीय निर्यात पर और दबाव बढ़ सकता है।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 22 करोड़ की लागत वाली जल आवर्धन योजना अधूरी, टंकी के रिसाव से स्वीपर कॉलोनी के रहवासी को जान मॉल का खतरा..







जगप्रेरणा लांजी।

***जिस कॉलोनी के लोगों के कंधों पर पूरे नगर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी है, आज वही लोग अपनी जान बचाने की गुहार लगाने को मजबूर हैं।***

लांजी नगर परिषद में लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से नई जल आवर्धन योजना स्वीकृत होकर वर्ष 2018 में निर्माण कार्य शुरू हुआ। इसके अंतर्गत कुल्पा से लांजी तक पाइप लाइन, फ्लिटर प्लांट, तीन पानी की टंकियों का निर्माण एवं नगर में घरों में पानी सप्लाई के लिए पाइप लाइन का कार्य किया जाना था। 8 साल बीत जाने के बाद भी यह जल आवर्धन योजना अब तक पूर्ण नहीं हो पाई है। वहीं दूसरी ओर योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक.4 स्वीपर कॉलोनी में स्थित पानी की ऊंची टंकी अब रहवासियों के लिए भय का कारण बन गई है। विडंबना यह है कि 8 वर्षों बाद भी यह परियोजना पूरी नहीं हो पाई है, और ना ही किसी वार्ड में पानी सप्लाई प्रारंभ हो पाई है।

लेकिन टेस्टिंग के दौरान ही टंकी से पानी का रिसाव शुरू हो गया है। इससे निर्माण की गुणवत्ता और पूरे प्रोजेक्ट की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2018 में शुरू हुआ यह निर्माण कार्य कोरोना काल के कारण कुछ समय प्रभावित जरूर हुआ, लेकिन उसके बाद भी आज तक पूरा नहीं हो सका। अब जब टंकी की टेस्टिंग की जा रही है तो उसमें भरा गया पानी भी जगह.जगह से रिस रहा है। ऐसे में रहवासियों का सवाल है कि यदि परीक्षण में ही यह स्थिति है तो भविष्य में हजारों लीटर पानी का दबाव पडने़ पर टंकी कितनी सुरक्षित रहेगी। रहवासियों ने बताया कि जिस कॉलोनी में यह टंकी खड़ी की गई है, वहां नगर परिषद के सफाईकर्मी और उनके परिवार रहते हैं। पूरे नगर की सफाई करने वाले इन परिवारों को स्वयं मूलभूत सुविधाएं तक नसीब नहीं हैं। कॉलोनी में साफसफाई, नालियों और अन्य व्यवस्थाओं का अभाव है। लोगों का कहना है कि हम पूरे नगर की गंदगी साफकरते हैं, लेकिन नगर परिषद हमारे घर.आंगन की सुध लेने तक तैयार नहीं है। अब रिसती हुई टंकी ने उनकी चिंता कई गुना बढ़ा दी है।

## 8 साल में बना मौत का कुंआ, उपयंत्री की भूमिका संदिग्ध..

वर्ष 2018 में शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट कोरोना और प्रशासनिक लापरवाही के कारण 8 साल बाद भी पूरी तरह कंप्लीट नहीं हो सका। करोड़ों की योजना को अपनी देखरेख में पास कराने वाले नगर परिषद के उपयंत्री अमित नगपुरे की निष्ठा और तकनीकी दक्षता पर अब गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि उपयंत्री अमित नगपुरे द्वारा कार्यस्थल का सतत निरीक्षण और मॉनिटरिंग न किए जाने के कारण ठेकेदार को मनमानी और घटिया निर्माण की खुली छूट मिली। नगर परिषद की बैठकों में लगातार निगरानी के मुद्दे उठाए जाने के बावजूद उपयंत्री और सीएमओ की आंखें बंद रहीं। नतीजतन, जनता के 22 करोड़ रुपये पानी में बह गए और बदले में सफाई कर्मचारियों को मिला तो केवल हादसे का खौफ।

## पूरे शहर को हम चमकाते हैं, पर हमारे सिर पर खड़ी कर दी मौत की टंकी..

स्वीपर कॉलोनी के रहवासियों का आक्रोश चरम पर है। कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का पहले से ही भारी अभाव है। सड़कें कीचड़ और मलबे से पटी हैं। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि हम पूरे शहर की गंदगी साफ करके नगर को स्वच्छ रखते हैं, लेकिन हमारे खुद के घर.आंगन को साफ कराने में नगर परिषद का दम फूलता है। ऊपर से हमारे सिर पर यह कमजोर पानी टंकी खड़ी कर दी गई है जो कभी भी गिर सकती है।

विरोध और शिकायत के दौरान मुख्य रूप से रवि रगड़े, संतोषी पांडे, रत्ना रगड़े, शकुनबाई रगड़े, राजेश पांडे, दीपक खांडेकर, ललिता मोगरे, दीपम मोगरे, सोनू खांडेकर, विक्की नागवंशी, राखी खांडेकर, किशन पांडे, प्रवीण पांडे सहित दर्जनों रहवासी उपस्थित रहे।



## एनजीटी के नियमों के खिलाफ हुआ निर्माण : संजय खोबरागड़े

पूर्व पार्षद संजय खोब्रागढ़े ने आरोप लगाया कि टंकी का निर्माण ही एनजीटी के नियमों के विपरीत किया गया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरी तरह गुणवत्ताहीन प्रतीत होता है और टेस्टिंग के दौरान ही रिसाव शुरू हो जाना इसकी सबसे बड़ी पुष्टि है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में कोई दुर्घटना होती है और टंकी गिरती है तो बड़ी जनहानि हो सकती हैए जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर परिषद और संबंधित अधिकारियों की होगी। उन्होंने मांग की कि या तो टंकी को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए अथवा पूरी तकनीकी जांच के बाद आवश्यक सुधार किए जाएं।



## घरों तक पानी पहुंचने से पहले ही टंकी रिसने लगी-सौरभ मोनू पशीने..

वार्ड क्रमांक-11 के पार्षद सौरभ मोनू पशीने ने कहा कि कुछ दिन पहले वार्डवासियों ने उन्हें टंकी से रिसाव और संभावित खतरे की जानकारी दी थी। मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने पर शिकायत पूरी तरह सही मिली। उन्होंने कहा कि नई जल आवर्धन योजना के तहत बने निर्माण में इस प्रकार की स्थिति होना बेहद गंभीर है। यदि निर्माण कार्य के दौरान इंजीनियर द्वारा प्रभावी निगरानी की जाती तो आज यह नौबत नहीं आती। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदारों को संरक्षण देने की प्रवृत्ति के कारण निर्माण कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की कि या तो इस टंकी को पूरी तरह डिस्मेंटल कर सुरक्षित स्थान पर नई टंकी बनाई जाए अथवा इसे गुणवत्तापूर्ण तरीके से पुनर्निर्मित किया जाएए ताकि लोगों की जान जोखिम में न रहे।



## इंजीनियर की लापरवाही ने खड़ा किया खतरा : संदीप रामटेक्कर

नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर ने इस पूरे मामले में नगर परिषद में पदस्थ उपयंत्री अमित नगपुरे की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य के दौरान सतत निरीक्षण और मॉनिटरिंग नहीं होने का ही परिणाम है कि करोड़ों रुपये की परियोजना टेस्टिंग के दौरान ही सवालों के घेरे में आ गई। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों से निर्माण कार्य पूरा नहीं होना अपने आप में गंभीर प्रशासनिक विफलता है। नगर परिषद की बैठकों में लगातार निर्माण कार्यों की निगरानी का मुद्दा उठाया जाता है, लेकिन न तो सीएमओ और न ही इंजीनियर स्तर पर इसे गंभीरता से लिया जाता है। उन्होंने शासन.प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

# कनिष्का भीमटे नवोदय विद्यालय हेतु चयनित..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत किरनापुर निवासी सरोज भीमटे एवं प्रियंका भीमटे की सुपुत्री कुमारी कनिष्का भीमटे पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय मुरझड़ मे कक्षा छठवीं के लिए चयन हुआ है।***

बताए कि ब्राइट कैरियर इंग्लिश स्कूल किरनापुर मे अध्ययनरत प्रतिभावान छात्रा कुमारी कनिष्का भीमटे ने कक्षा पांचवीं मे भी 89.75 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता पिता का नाम गौरान्वित किया था। बहरहाल कनिष्का भीमटे के पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय मुरझड़ मे कक्षा छठवीं के लिए चयनित होने पर छात्रा के परिजनों, विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं, नाते रिश्तेदारो एवं समस्त सामाजिक बन्धुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए मेधावी छात्रा कुमारी कनिष्का भीमटे को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।




# देवालगांव में ग्रामीणों की सराहनीय पहल, गौ माता की चरनोई भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त







जगप्रेरणा लांजी।

***कभी कुछ लोगों के अवैध कब्जे में सिमट चुकी देवलगांव की शासकीय चरनोई भूमि और शमशान घाट की लगभग 3 एकड़ भूमि अब फिर से गांव की सांस बनने लगी है।***

हजारों मवेशियों के सामने खड़े चराई संकट ने आखिरकार पूरे गांव को एक मंच पर ला खड़ा किया। ग्रामीणों की एकजुटता, सरपंच की पहल और प्रशासन के सहयोग से देवलगांव में लगभग 90 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। गांव में यह अभियान अभी थमा नहीं है, बल्कि 25 जुलाई को सुबह 10 बजे एक बार फि र पूरा गांव सीमांकन और झंडी लगाने के लिए जुटेगा, ताकि गोचर भूमि हमेशा के लिए सुरक्षित की जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ जमीन खाली कराने की कार्रवाई नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों और गांव के करीब दो से तीन हजार मवेशियों के भविष्य को बचाने की लड़ाई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कब्जा करने वालों ने शासकीय भूमि पर लगे पलाश सहित कई हरे.भरे पेड़ों की भी कटाई कर दी थी। ग्रामीणों ने ऐसे मामलों की जांच कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## चराई पर संकट बना तो गांव ने ठान लिया-अब नहीं होगा कब्जा..

देवलगांव की शासकीय चरनोई भूमि पर वर्षों से धीरे-धीरे अवैध कब्जे बढ़ते जा रहे थे। इसका सबसे बड़ा नुकसान गांव के मवेशियों को उठाना पड़ रहा था। बारिश के मौसम में चरवाहों ने मवेशियों को चराना तक बंद कर दिया। हालात ऐसे बने कि ग्रामीणों ने सरपंच श्रीमती पुष्पा कमलकिशोर ठाकरे को लिखित आवेदन देकर स्पष्ट कर दिया कि जब तक शासकीय भूमि मुक्त नहीं होगीए तब तक गांव चैन से नहीं बैठेगा। ग्रामीणों के आवेदन और लगातार दबाव के बाद राजस्व विभाग सक्रिय हुआ। नायब तहसीलदार लांजी ने अलग-अलग हल्कों के पटवारियों का संयुक्त दल गठित किया। राजस्व निरीक्षक, पटवारी दल तथा पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में खसरा-नक्शे के आधार पर सीमांकन किया गया और चिन्हित शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई। कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार रमेश मरावी, मिथलेश शेण्डे पटवारी देवलगांव, कोमेन्द्र भोयर पटवारी मिरिया,गौतम उके पटवारी फोफसा, तोमेश सोनवाने पटवारी कारंजा, ऋषि कपुर डोंगरे पटवारी खर्रेगांव मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने भी प्रशासन का पूरा सहयोग किया, जिसके कारण कार्रवाई शांतिपूर्ण और प्रभावी ढंग से संपन्न हुई।

## 25 जुलाई को फिर जुटेगा पूरा गांव..

ग्राम पंचायत द्वारा आम सूचना जारी कर सभी ग्रामवासियों से अपील की गई है कि 25 जुलाई को सुबह 10 बजे चिन्हित भूमि पर पहुंचकर सीमांकन, झंडी लगाने और गोचर भूमि सुरक्षित करने के अभियान में भाग लें। ग्रामीण अपने मवेशियों के साथ भी पहुंचेंगेए ताकि जिस उद्देश्य से यह भूमि मुक्त कराई जा रही हैए वह सभी के सामने स्पष्ट हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक गांव की पूरी शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त नहीं हो जातीए तब तक यह अभियान लगातार चलता रहेगा। इस मामले में देवलगांव के ग्रामीणों ने यह साबित कर दिया कि जब पूरा गांव सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा के लिए एकजुट हो जाए तो वर्षों पुराने अवैध कब्जे भी ज्यादा देर टिक नहीं पाते।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत ग्राम कसंगी में कोदो प्रदर्शन हेतु बीज वितरित..

## किसानों को दी उन्नत खेती की जानकारी..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (पोषक तत्व) योजना के अंतर्गत किरनापुर तहसील के वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत कसंगी में कोदो फसल प्रदर्शन के लिए किसानों को बीज वितरित किए गए।***

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को कम लागत एवं कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली पोषक अनाज फसल कोदो की खेती के लिए प्रोत्साहित करना तथा वैज्ञानिक खेती की जानकारी उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम का आयोजन उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय, अनुविभागीय कृषि अधिकारी लांजी राजेश कुमार खोबरागड़े एवं प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी किरनापुर संजय ऊके के निर्देशन में किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत कसंगी के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश, सचिव सुखदेव भलावी सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संजय ऊके ने किसानों को बताया कि कोदो की फसल कम पानी एवं कम लागत में बेहतर उत्पादन देने वाली फसल है, जो बदलते जलवायु परिदृश्य में किसानों के लिए लाभकारी विकल्प साबित हो रही है। कृषि अधिकारी श्रीमती रंजना भालाधारे ने बताया कि कोदो की बुवाई जुलाई से अगस्त माह के बीच रोपा अथवा सीधी बुवाई पद्धति से की जा सकती है।

कृषि अधिकारी राजकुमार घरडे ने बताया कि कोदो का चावल बड़े शहरों में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और बाजार में इसकी अच्छी कीमत मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस फसल में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उपयोग बहुत कम होता है, जिससे यह जैविक एवं स्वास्थ्यवर्धक अनाज के रूप में पहचान बना रहा है। वहीं कृषि अधिकारी धर्मेंद्र बोरकर ने बताया कि कोदो का नियमित सेवन मधुमेह, उच्च रक्तचाप सहित कई जीवनशैली संबंधी बीमारियों के नियंत्रण में सहायक माना जाता है।

कृषि अधिकारियों ने किसानों को बताया कि कोदो की कटाई, मड़ाई एवं मिलिंग की प्रक्रिया भी सरल है तथा इसकी मिलिंग सामान्य चावल की मिलों में आसानी से की जा सकती है। इससे किसानों को अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता नहीं पड़ती।

कार्यक्रम के अंत में कृषि विभाग ने किरनापुर क्षेत्र के उन किसानों से कोदो की खेती अपनाने की अपील की, जिनके पास सिंचाई के सीमित साधन हैं। अधिकारियों ने कहा कि कम पानी, कम लागत, बेहतर बाजार मूल्य और बढ़ती मांग को देखते हुए कोदो किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय किरनापुर के संयुक्त दल के सदस्य राजकुमार घरडे, धर्मेंद्र बोरकर, श्रीमती रंजना भालाधारे, महेश्वरी भालाधारे, कु. रत्नपाली बौद्ध, कु. हिमशिखा पुसामे, कु. दिव्या पटले, कु. नीतू पटले, श्री संजय बावनकर सहित अन्य कृषि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे. मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा
लालबर्रा, बैहर, परसवाड़ा
● कनकी ● खमरिया ● जाम ● कंजई ● उकवा ● मलाजखंड ● बिरसा ● लामटा ● चांगोटोला



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


## मध्यप्रदेश के नए मुख्य सचिव अशोक बर्नवाल से विधायक मधु भाऊ भगत की सौजन्य भेंट, परसवाड़ा के विकास कार्यों पर हुई चर्चा..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत ने मध्यप्रदेश शासन के नवनियुक्त मुख्य सचिव अशोक बर्नवाल से भोपाल स्थित उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।***

इस दौरान विधायक ने परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए क्षेत्र में चल रही और प्रस्तावित विकास योजनाओं को गति प्रदान करने का आग्रह किया।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस मुलाकात के दौरान विधायक मधु भाऊ भगत ने मुख्य सचिव को परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों से अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र में सड़क, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण अधोसंरचना तथा अन्य जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक सहयोग की अपेक्षा भी व्यक्त की।

विधायक भगत ने कहा कि परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में अनेक ऐसे विकास कार्य प्रस्तावित हैं, जिनके समयबद्ध क्रियान्वयन से क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्य सचिव के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और लंबित विकास कार्यों में तेजी आएगी।

मुख्य सचिव अशोक बर्नवाल ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि शासन की नीतियों एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित एवं विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा प्रशासन का प्रयास रहेगा कि पात्र योजनाओं और विकास परियोजनाओं को समय पर स्वीकृति एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि नियमानुसार विकास कार्यों को मूर्त रूप देने में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच प्रदेश के समग्र विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना को मजबूत बनाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। विधायक मधु भाऊ भगत ने मुख्य सचिव का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी तथा परसवाड़ा सहित बालाघाट जिले के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

# राजस्व मामलों के लंबित प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण : कलेक्टर मृणाल मीना

### कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने शुक्रवार 24 जुलाई को जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की बैठक लेकर राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि साइबर तहसील, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा तरमीम और सीएम हेल्पलाइन से जुड़े मामलों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री एम.आर. कोल, एसडीएम श्री गोपाल सोनी तथा अधीक्षक भू-अभिलेख श्री कृष्णा नायक उपस्थित रहे। जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### साइबर तहसील के लंबित मामलों पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने सबसे पहले साइबर तहसील के प्रकरणों की समीक्षा की। किरनापुर, लांजी, परसवाड़ा और लालबर्रा तहसीलों में नामांतरण के अधिक मामले लंबित मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भूमि की रजिस्ट्री होने के बाद निर्धारित समय-सीमा में नामांतरण होना अनिवार्य है। यदि समय पर नामांतरण नहीं हुआ तो संबंधित पटवारी और तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### 10 दिन से अधिक विलंब पर पटवारी का वेतन रोकने के निर्देश

बैठक में आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज अविवादित नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी मामलों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण के निराकरण में 10 दिन से अधिक का विलंब होता है तो संबंधित पटवारी का वेतन रोकने की कार्रवाई की जाए।

### एमपीआईडीसी को 30 एकड़ भूमि आवंटन में तेजी लाने के निर्देश

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने खैरलांजी तहसील के ग्राम सावरी में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) को 30 एकड़ शासकीय भूमि के शीघ्र आवंटन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने वारासिवनी एसडीएम को इस प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि औद्योगिक विकास से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जा सके।

### वसूली बढ़ाने और अतिक्रमण हटाने के निर्देश

बिरसा, कटंगी और तिरोड़ी तहसीलों में विभिन्न राजस्व मदों की वसूली की प्रगति कम पाए जाने पर कलेक्टर श्री मीना ने इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नामांतरण और बंटवारा के साथ-साथ नक्शा तरमीम का कार्य भी तत्काल पूरा किया जाए। कलेक्टर ने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यकता पडने् पर पुलिस बल की सहायता लेकर अतिक्रमण हटाया जाए।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण पर जोर

बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मीना ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें और कोई भी शिकायत 50 दिनों से अधिक लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा से संबंधित शिकायतों पर पटवारी, राजस्व निरीक्षक और तहसीलदार संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि शिकायतों का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित हो सके।

## गुप्त नवरात्रि में मानवता की मिसालः पूर्व सैनिक पन्नालाल नगपुरे ने 26वीं बार किया दुर्लभ बी - नेगेटिव रक्तदान..




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर पूर्व सैनिक, पूर्व सरपंच एवं टाटा एआईए के अभिकर्ता पन्नालाल नगपुरे ने मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जिला चिकित्सालय बालाघाट के ब्लड बैंक में अपना 26वां रक्तदान किया।***

उनका बी-नेगेटिव रक्त समूह अत्यंत दुर्लभ माना जाता है। यह रक्त श्रीमती कुन्ता देवी जोगी 63 वर्ष, निवासी मोहगांव, मलाजखंड के उपचार हेतु दिया गया। समय पर उपलब्ध हुए इस दुर्लभ रक्त ने मरीज के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पन्नालाल नगपुरे भारतीय सेना में सेवाएं दे चुके हैं। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपने गांव के सरपंच के रूप में भी जनसेवा की और वर्तमान में टाटा एआईए के अभिकर्ता के रूप में कार्यरत हैं। सामाजिक सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता निरंतर बनी हुई है, जिसका प्रमाण उनका लगातार 26वीं बार रक्तदान करना है।

गुप्त नवरात्रि के पावन दिनों में किया गया यह रक्तदान केवल एक व्यक्ति की सहायता नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा का संदेश है। पन्नालाल नगपुरे ने कहा कि ÷रक्तदान महादान है, इससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है। यदि हम स्वस्थ हैं तो नियमित रक्तदान अवश्य करना चाहिए।÷

उनके इस सेवा कार्य की लोगों ने सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया और अधिक से अधिक लोगों से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की।

## युग शक्ति विद्यालय गढ़ी में किया गया वृक्षारोपण




**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

विस्तृत जानकारी-आज दिनांक 23/07/2026 को को सेक्टर क्रमांक 04 में युग शक्ति विद्यालय गढ़ी के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया। एवं स्वैच्छिकता शपथ दिलाई गई। जिसमें उपस्थित यूग शक्ति महिला मंडल अध्यक्ष मंजूलता चौधरी जी, एवं शिक्षक गण एवं ग्रामीण जन शोभा मेरावी, खुशबू वाकडे, मयूरी देशराज, सेवती अलवरे, स्तुति यादव,संतोषी तेकाम, मीनाक्षी शांडिल रेणुका शांडिल्य, किशन तलवारे, निरुक्त सैय्याम, संजना यादव, ट्विंकल कुरैशी एवं छात्रा पूर्णिमा राहंगडाले उपस्थित रहे।

## भारतीय मज़दूर संघ का 71 वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया..





**जगप्रेरणा मलांजखंड।**

***मलांजखंड स्थित भारतीय खनिज मजदूर संघ कार्यालय में गुरुवार को भारतीय मज़दूर संघ का 71वाँ स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय खनिज मजदूर संघ के महासचिव श्री हेमंत भगत जी, श्री टेंभरे जी,***

श्री संतोष बिसेन जी, श्री चौधरी जी तथा संविदा मजदूर संघ के महासचिव श्री लखन बंजारा जी एवं श्री बसंत मरावी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने भारतीय मज़दूर संघ के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित कीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासचिव श्री हेमंत भगत जी ने मजदूर हितों की रक्षा एवं कर्मचारियों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती आपसी एकता, विश्वास और आत्मीयता से ही संभव है। उन्होंने सभी सदस्यों से यूनियन को एक परिवार मानकर मिल-जुलकर कार्य करने तथा श्रमिकों के हित में सदैव अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। इसी के साथ भारतीय मज़दूर संघ के 71वें स्थापना दिवस समारोह का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

## स्वैच्छिकता पर्व अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 04 राम्हेपुर में किया गया वृक्षारोपण..







**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

***मध्य प्रदेश जनअभियान परिषदजिला बालाघाट ब्लॉक बैहर सेक्टर क्रमांक- 4 गढ़ी विकासखंड बैहर जिला बालाघाट में दिनांक 24/07/2026 को जिला समन्वयक श्री महेश पटले सर जी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ,***

वृक्षारोपण कार्यक्रम( एक पेड़ मां के नाम अभियान) के तहत आज स्वैच्छिकता पर्व अन्तर्गत आज विकासखंड बैहर के सेक्टर क्रमांक 4 गढी की समिति स्तरीय बैठक की गई साथ ही नशामुक्ति व स्वैच्छिकता पर्व के तहत शपथ ली गई एंव जिसमें लगभग 20 फलदार पौधे लगाएं गए है। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राम्हेपुर में समिति के सदस्यों से संपर्क किया गया तथा स्वैच्छिकता पर्व के बारे से जानकारी दी गई एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत राम्हेपुर गढ़ी में आम के पौधे लगाए गए,इस अवसर पर *नवांकुर संस्था अध्यक्ष मंजुलता चौधरी जी , परामर्शदाता संगीता मार्को प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष नीलिमा यादव, व ग्रामीणों की सहभागिता रही।









## सेक्टर क्रमांक 05 के आंगनबाड़ी केंद्रों पर वर्णमाला पोस्टरों का किया गया निशुःल्क वितरण







**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

स्वैच्छिकता पर्व अंतर्गत जिला समन्वयक श्री महेश पटले के मार्गदर्शन में कोयलीखापा सेक्टर क्रमांक 05 अंतर्गत सेक्टर के आंगनबाड़ी केन्द्रो में वर्णमाला पोस्टर, राष्ट्रीय प्रतीक चिन्हो के पोस्टरो का निशुल्क वितरण नवांकुर संस्था प्रगति ग्राम जन विकास समिति गढ़ी द्वारा कोयलीखापा, संजारी, बोदा के केन्द्रो में किया गया, इस दौरान स्वैच्छिकता शपथ भी दिलाई गई, कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के कार्यक्रम समन्वयक हाकेश शांडिल्य द्वारा किया गया!

### स्वैच्छिता पर्व के मुख्य बिंदुः

### उद्देश्य

- गांव, शहर और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई
- प्लास्टिक मुक्त अभियान
- जल स्रोतों - नदी, तालाब, बावड़ी की सफाई
- पौधारोपण और हरियाली बढ़ाना
- लोगों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता

### इसमें क्या होता है

- श्रमदानः स्कूल, कॉलेज, सरकारी कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाएं सफाई करती हैं
- गली-मोहल्ले, सरकारी कार्यालय, अस्पताल, बस स्टैंड की सफाई
- नशा मुक्ति, कुपोषण मुक्ति के जागरूकता कार्यक्रम
- ÷एक पेड़ मां के नाम÷ जैसे पौधारोपण अभियान

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# स्व. अजित दादा पवार जयंती के अवसर पे मैराथन दौड़ आयोजित..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद श्री प्रफुलभाईजी पटेल साहब तथा सांसद श्री राजेंद्रजी जैन साहब के मार्गदर्शन में तथा प्रदेश महासचिव***

श्री प्रभाकर दोनोडे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तहसील सालेकसा के अध्यक्ष डॉ. अजय उमाटे एवं जिला महासचिव डॉ. हिरालालजी साठवने के नेतृत्व में आयोजित किया गया। महाराष्ट्र राज्य के लोकप्रिय जननेता एवं उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय अजितदादा पवार साहब की जयंती के अवसर पर 'जनसेवा सप्ताह' के अंतर्गत शुक्रवार, दिनांक 24 जुलाई 2026 को वन विभाग कार्यालय चौक, सालेकसा में मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में सालेकसा तहसील के विभिन्न गांवों से पुलिस भर्ती पूर्व प्रशिक्षण ले रहे युवक-युवतियों ने उत्कृष्ट सहभागिता दर्ज कराई। प्रतियोगिता में लड़कियों के वर्ग में कु. पल्लवी मेघराज शहारे ने प्रथम, कु. रूपा पवनलाल वाघमारे ने द्वितीय तथा कु. टिकेश्वरी शैलेंद्र कुसराम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

लड़कों के वर्ग में विकास खेमराज कुराहे ने प्रथम, सागर गजानन पाथोडे ने द्वितीय तथा राहुल रोशनलाल पटले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रमाणपत्र एवं उपहार प्रदान किए गए। साथ ही, प्रतियोगिता में सहभागी सभी प्रतिभागियों को भी प्रमाणपत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तहसील मराठी पत्रकार संघ के अध्यक्ष श्री विजय मानकर, सालेकसा पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक श्री महेंद्रजी गवई साहब, शिवसेना तहसील प्रमुख (शिंदे गुट) श्री विजयभाऊ नागपुरे, पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री बिसरामजी चर्जे, श्री राजू डोंगरे, श्री अशोक गिरी गोस्वामी, मोक्षधाम सेवा समिति के कोषाध्यक्ष श्री सुनीलजी असाटी, सालेकसा हाईस्कूल सालेकसा के प्राध्यापक श्री ए. के. शरणागत सर, प्रा. श्री बी. एम. कोरे सर, तहसील क्रीड़ा संयोजक श्री राकेशजी रोकड़े सर, सामाजिक कार्यकर्ता श्री लखनलालजी अग्रवाल तथा क्रीड़ा शिक्षक श्री गोल्डी भाटिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने एवं सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस कर्मचारी पो. ह. श्री गणेश सोंजाल, पो. ह. श्री सुजीत बंसोड, पो. ह. श्री उदेलाल डोहरे, पो. ह. श्री रविंद्रसिंह परिहार, महिला पुलिस शिपाई श्रीमती माधुरी पाथोडे, महिला पुलिस शिपाई श्रीमती कल्पना राहांगडाले तथा प्रशिक्षक पो. शि. श्री सोनम बडोले का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए शहर अध्यक्ष सालेकसा श्री ब्रजभूषण बैस, तहसील युवक अध्यक्ष श्री बाजीराव तरोने, तहसील युवती अध्यक्ष श्रीमती सुषमा राउत, तहसील उपाध्यक्ष श्री ध्रुवकुमार हुकरे, वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. श्री जियालाल बघेले, श्री ओमप्रकाश जगणीत, श्रीमती सीमा बैस, राहुल जंगेरे, पल्लवी बैस, ऋषि बैस, हर्ष मेश्राम सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने विशेष परिश्रम किया।

भाजपा ने सविता पुराम की दी ताकत..

# महाराष्ट्र राज्य भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पद पर सविता पुराम की हुई नियुक्ति..



जगप्रेरणा आमगांव।

***आमगाव-देवरी विधानसभा क्षेत्र ही नही समुचे गोंदिया जिले सहित विदर्भ मे विश्वमांगल्य सभा के माध्यम से महिला की बुलंद आवाज बनी पुराडा निवासी दो बार महिला बालकल्याण सभापती जिप सदस्य***

सविता पुराम को ताकद देने एंव महिला का दमदार नेत्रुत्व करने के हेतु से महाराष्ट्र प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं विधानपरिषद सदस्य चित्रा वाघ ने 23 जुलै को महाराष्ट्र प्रदेश महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष की नियुक्ती की जिसमे गोंदिया जिले से पुर्व महिला बालकल्याण सभापती विद्यमान जिप सदस्य सविता पुराम को नियुक्त किया गोंदिया जिले से सविता पुराम की नियुक्ती मिलने पर उनके शुभचिंतको मे उत्सव एंव खुशी जाहीर की है।

उनकी इस नियुक्ती पर सविता पुराम ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस महिला मोर्चा राज्य अध्यक्ष विधानपरिषद सदस्य चित्रा वाघ, जिले की भाजप अध्यक्ष सीता रहांगडाले विधायक संजय पुराम राज्य के सभी भाजप पक्ष के पदाधिकारी कार्यकर्ता जिले सहित तहसील के सभी भाजप पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता का आभार व्यक्त किया एंव महिला सहित भाजप के सब का साथ सब का विकास सब का विश्वास इस विचारधारा को घर घर तक पोहचाने का विश्वास दिलाया है।

# आमगांव में ऐन बारिश के समय सड़क पर अंधियारा, मामला स्ट्रीट लाइट का..

## आमगांव-गोंदिया रोड़ वाशियों में रोष..



जगप्रेरणा आमगांव।

***राष्ट्रीय महामार्ग विभाग द्वारा NH 543 महामार्ग का कार्य 2017 से प्रारंभ किया गया, जिसकी लागत 294.4 करोड़ की कीमत से निर्माण कार्य किया गया।***

इसी आमगांव-देवरी महामार्ग तथा आमगांव -गोंदिया महामार्ग के मध्य के डिवाइडर के मध्य भाग में स्ट्रीट लाइट लगाई गई बडे लंबे इंतजार के बाद यह स्ट्रीट लाईट सुरू हुई थी किंतु ऐन बारिश के समय जब स्ट्रीट लाईट का रात के समय शुरू रहना आवश्यक है तभी ऐन बारिश के समय ही स्ट्रीट लाईट बंद होने से आमगाव-गोदिया मार्ग पर अधेरा छा गया है।

जिससे आमगांव-गोदिया पश्चिम मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाईट दिखावा बनकर रह गई है। इसी बीच कुछ स्ट्रीट लाईट के खबे गिर भी चुके है आमगाव-गोदिया मार्ग पश्चिम मे ही अधियारा छाया क्यो है जिसके चलते मार्ग से आवागमन करने वाले राहगीरों में रात्रि के समय मे लूटपाट का डर सताता है, कई तक अंधेरे के चलते छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटना का शिकार भी हो चुके है, साथ है, साँप, बिछुओ का भी डर बना हुआ रहता है, इसीलिए प्रशासन से नागरिको ने इस आमगांव से गोंदिया मार्ग की स्ट्रीट लाइट जल्द से शुरु करने की मांग की है।

# राशन दुकानदारों को छह महीने से कमीशन नहीं मिला है..

## दुकानदार पैसे की तंगी में हैं..

जगप्रेरणा देवरी।

***तालुका में सस्ते राशन दुकानदारों का कमीशन छह महीने से बकाया है। इस वजह से दुकानदार पैसे की तंगी में हैं।सरकार से कमीशन न मिलने से दुकानदारों में बहुत गुस्सा है।***

जानकारी के लिए बता दें कि संबंधित अधिकारियों से बार-बार बात करने के बाद भी अभी तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। देवरी तालुका में कुल करीब 131 सस्ते राशन दुकानदारों की दुकानें हैं। कुछ दुकानें कोऑपरेटिव सोसाइटी और महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप से भी जुड़ी हुई हैं। जो सरकार के पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का अहम हिस्सा बनकर नागरिकों को सही दाम पर अनाज देने का अहम काम करती हैं। राशन दुकानदारों को हर किलो राशन पर 1.50 रुपये कमीशन मिलता है।

लेकिन, पिछले छह महीने से कमीशन न मिलने की वजह से इन सभी दुकानदारों पर बहुत बड़ा आर्थिक बोझ आ गया है। दुकानदारों के लिए अपने घर का खर्च, दुकान का किराया, बिजली का बिल और दूसरे रोज़ के खर्चे निकालना मुश्किल हो गया है, लेकिन, सरकार पर तालुका के सस्ते राशन दुकानदारों का छह महीने का कमीशन बकाया है। तालुका के सस्ते राशन दुकानदारों ने मांग की है कि कमीशन तुरंत बांटा जाए।

# एस. एस. गर्ल्स महाविधालय में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई




जगप्रेरणा आमगांव।

***गोंदिया शिक्षण संस्था द्वारा संस्था संचलित एस.एस.गर्ल्स महाविदयालय गोदिया, मे 23 जुलाई लोकमान्य तिलक की जंयती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम मे प्राचार्य शारदा महाजन***

मॅडम इनके अध्यक्ष जयती में कला शाखा प्रमुख अतिथी के रुप मे डॉ भालेराव मॅडम गृहविज्ञान विभाग प्रमुख, डॉ रखवानी मॅडम. ज्यु. कॉलेज प्रमुख मा. संजय कळंबे सर, उपस्थित थे। कार्यक्रम सुत्रसंचालन एल. आर सपाटे ने किया एवं लोकमान्य तिलक के जिवनपट पर प्रकाश डाला कार्यक्रम की अध्यक्ष महाजन मेडम ने अपने अध्यक्षीय भाषन मे पर ध्यान आकर्षित किया जिसमें 'स्वर्तन्दाना'यह मेरा अधिकार है में उसे लेकर रहूँगा। भारतीय असंतोष के जनक और 'गीतारहस्य' रचिता और लेखक संपादक, शिक्षक रामनेता जीवन पर प्रकाश डाला, आभार प्रदर्शन एल.आर सपाटे सर द्वारा किया गया। सभी प्राध्यापक विद्यार्थीनी, शिक्षकेत्तर कर्मचारी का आभार व्यक्त किया।

# पश्चिम रेलवे के राजकोट मंडल में दोहरीकरण कार्य के कारण बिलासपुर-ओखा एक्सप्रेस का परिचालन आंशिक रूप से प्रभावित

## बिलासपुर-ओखा एक्सप्रेस 27 जुलाई एवं 03 अगस्त को राजकोट स्टेशन तक ही चलेगी..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***यात्रियों की सुरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास एवं संरक्षा संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।***

इसी क्रम में पश्चिम रेलवे के राजकोट मंडल के अलियावाडा-हापा-जामनगर रेलखंड में लाइन दोहरीकरण का कार्य विभिन्न दिवसों में ब्लॉक लेकर किया जा रहा है। इस कार्य के परिणाम स्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संचालित गाड़ी संख्या 22940 बिलासपुर-ओखा एक्सप्रेस का परिचालन निम्नानुसार आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा।

दिनांक 27 जुलाई एवं 03 अगस्त 2026 को बिलासपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 22940 बिलासपुर-ओखा एक्सप्रेस राजकोट स्टेशन पर समाप्त होगी तथा राजकोट-ओखा के मध्य रद्द रहेगी।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### ऑनलाईन ठगी के पैसे अपने खाते मे लेकर की धोखाधडी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 22/ 1/ 2026 के 2 बजे के दरम्यान सालेकसा मे शिवम संतोष सोरी उम्र 40 वर्ष निवासी विचारपुर ने अपने बँक आफ महाराष्ट्र के खाते मे ऑनलाईन ठगी के 1 लाख 40 हजार रुपये लिये और आरोपी को पैसे लेनदेन मे मदत करने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 358/2026 धारा 318,4,61,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी रोहीत दराडे पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### ज्यादा शराब पीने की वजह से युवक की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/ 7/ 2026 के 1 बजे के दरम्यान टेकचंद उदेलाल राऊत उम्र 30 वर्ष निवासी मरारटोला की ज्यादा शराब पिने की वजह से तबीयत खराब हुई। उसे उपचार के लिये गुप्ता हास्पीटल ले गया जहा से उसे केटीएस अस्पताल भेजा गया। केटीएस अस्पताल के डॉक्टर ने चेक कर मृत घोषीत करने से डेथ सर्टिफिकेट पर पोस्टे रावणवाडी मे अकस्मात मौत क्रमांक 25/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा बघेले 788 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

# पुलिस कर्मी आंनद भांडारकर का निधन



जगप्रेरणा आमगांव।

***महाराष्ट्र पुलिस विभाग देवरी मे ड्रायव्हर के पद पर कार्यरत आनंद कवडु जी भांडारकर, निवासी अजोरा , हाल मु, नारायण नगर गोंदिया रोड***

आमगांव का अल्प बिमारी से दिनांक 24 जुलाई 2026 को दोपहर, 1,30 बजे निधन हो गया।

उनकी शवयात्रा दिनांक 25 जुलाई 2026 को सुबह 11 नारायण नगर गोंदिया रोड से निकाली जायेगी, तथा अंतिम संस्कार शिव मोक्षधाम गोंदिया रोड मे किया जायेगा।






अंकुर टेस्ट ट्यूब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
■ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 शनिवार 25 जुलाई 2026
जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# सेवा संस्था द्वारा 'सारस मित्र सम्मेलन 2026' में सारस मित्रों का किया गया सम्मान, विधायक डॉ. परिणय फुके, डॉ. विजय सुर्यवंशी, वर्षाताई पटेल ने जिले में पर्यटन विकास पर दिया जोर..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले की शान माने जाने वाले सारस पक्षी जिले के धान के खेतों, तालाबों और नदियों के आसपास प्राकृतिक रूप से निवास करते हैं। विश्व के सबसे ऊँचे उड़ने वाले पक्षियों में शामिल यह आकर्षक और गौरवशाली पक्षी किसानों का सच्चा मित्र माना जाता है। किसानों और सारस पक्षियों का संबंध वर्षों पुराना और प्रकृति से जुड़ा हुआ है। सारस पक्षी को प्रेम, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है।***

ऐसी मान्यता है कि जिन खेतों में सारस पक्षी निवास करते हैं, वे खेत सदैव समृद्ध रहते हैं। यही कारण है कि सारस पक्षी समृद्ध जैव विविधता और स्वस्थ प्राकृतिक पर्यावरण का प्रतीक भी माना जाता है। सारस पक्षी बड़ी संख्या में गोंदिया जिले में निवास करते हैं, तथा सारस पक्षीयों की संख्या बढ़ाने एवं जिले के पर्यटन विकास हेतु गोंदिया जिले की प्रमुख संस्था सेवा संस्था द्वारा 'सारस मित्र सम्मेलन 2026' का आयोजन होटल जिंजर में दिनांक 23 जुलाई को बड़े ही उत्साह, गरिमा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

आयोजित 'सारस मित्र सम्मेलन 2026' का शुभारंभ पूर्व पालकमंत्री एवं विधायक डॉ. परिणय फुके के करकमलों द्वारा किया गया। कायक्रम की अध्यक्षता डॉ. विजय सूर्यवंशी, नगर आयुक्त, पिंपरी-चिंचवड़ महानगरपालिका ने की। कार्यक्रम में वर्षाताई पटेल, अध्यक्ष, गोंदिया एज्युकेशन सोसायटी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। वहीं प्रमुख अतिथियों में पियुषा जगताप, क्षेत्र संचालक, नवेगांव-नागझिरा टाइगर प्रोजेक्ट, गोरख भामरे, जिला पुलिस अधीक्षक, गोंदिया, पवन जोग, उपवन संरक्षक, गोंदिया, प्रीतमसिंह कोडापे, उपसंचालक, नवेगांव-नागझिरा टाइगर प्रोजेक्ट तथा तुषार ढमढेरे, विभागीय वन अधिकारी (सामाजिक वानिकी), गोंदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उद्घाटन एवं स्वागत समारोह के पश्चात सेवा संस्था के अध्यक्ष सावन बहेकार ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने सेवा संस्था द्वारा सारस पक्षियों के संरक्षण के लिए अब तक किए गए कार्यों और यात्रा का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने गोंदिया, भंडारा और बालाघाट क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से संचालित विभिन्न संरक्षण अभियानों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने सारस पक्षियों के संरक्षण के समक्ष मौजूद प्रमुख चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लगातार घटते आर्द्रभूमि (वेटलैंड) क्षेत्र, कृषि पद्धतियों में हो रहे बदलाव, रासायनिक कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग, मानवीय हस्तक्षेप तथा बढ़ते पर्यावरणीय खतरों के कारण सारस पक्षियों के अस्तित्व पर गंभीर संकट उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने इन चुनौतियों से निपटने के लिए समाज, किसानों और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।









## बोले डॉ. परिणय फुके..

पूर्व पालकमंत्री एवं विधायक डॉ. परिणय फुके ने कहा कि सारस पक्षियों के संरक्षण के लिए उनके प्राकृतिक आवासों का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आर्द्रभूमि, तालाब, नदियों तथा धान के खेतों जैसे प्राकृतिक आवासों को सुरक्षित रखे बिना सारस पक्षियों का दीर्घकालिक संरक्षण संभव नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संरक्षण संबंधी गतिविधियों को लागू करते समय किसानों के हितों की रक्षा करना भी उतना ही आवश्यक है। किसी भी किसान को आर्थिक अथवा कृषि संबंधी नुकसान न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। डॉ. फुके ने सेवा संस्था, सारस मित्रों तथा स्थानीय किसानों द्वारा पिछले कई वर्षों से सारस संरक्षण के लिए किए जा रहे निस्वार्थ कार्यों की सराहना की। उन्होंने शासन, वन विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं और स्थानीय किसान भाइयों के आपसी समन्वय से सारस संरक्षण अभियान को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया तथा इस दिशा में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

## बोले गोंदिया के पूर्व जिलाधिकारी डॉ. विजय सुर्यवंशी..

कार्यक्रम के समापन सत्र में अध्यक्षता कर रहे डॉ. विजय सूर्यवंशी, नगर आयुक्त, पिंपरी-चिंचवड़ महानगरपालिका एवं पूर्व जिलाधिकारी गोंदिया ने गोंदिया जिले की शान माने जाने वाले सारस पक्षियों के संरक्षण के लिए सेवा संस्था द्वारा पिछले कई वर्षों से किए जा रहे सतत एवं समर्पित प्रयासों की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने सारस पक्षी को ÷पक्षियों का बाघ÷ बताते हुए उसके पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बाघ जंगलों के संरक्षण का प्रतीक माना जाता है, उसी प्रकार सारस पक्षी आर्द्रभूमि और कृषि पारिस्थितिकी तंत्र (एग्रीकल्चरल इकोसिस्टम) के स्वस्थ होने का प्रतीक है। इस अवसर पर उन्होंने गोंदिया जिले में सारस पक्षी आधारित प्रकृति पर्यटन (नेचर टूरिज्म) विकसित करने की अवधारणा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यदि सारस पक्षियों के प्राकृतिक आवासों के आसपास पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए, तो स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही, सारस पक्षियों एवं आर्द्रभूमि के संरक्षण के प्रति जनभागीदारी और अधिक मजबूत होगी। अपने संबोधन के अंत में डॉ. विजय सूर्यवंशी ने सेवा संस्था, स्थानीय किसानों, सारस मित्रों एवं सभी स्वयंसेवकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने भविष्य में भी सभी से एकजुट होकर सारस संरक्षण अभियान को और अधिक व्यापक एवं जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सारस पक्षियों का संरक्षण केवल एक पक्षी की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण जैव विविधता के संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित, संतुलित और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने की सामूहिक जिम्मेदारी है। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन के माध्यम से उन्होंने सभी नागरिकों से प्रकृति संरक्षण के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया।

## बोली वर्षाताई पटेल..

**कार्यक्रम की विशेष अतिथि वर्षाताई पटेल, अध्यक्ष, गोंदिया एज्युकेशन सोसायटी ने अपने संबोधन में कहा कि सारस पक्षियों का संरक्षण केवल वन विभाग या स्वयंसेवी संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण, आर्द्रभूमि का संवर्धन तथा पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने से सारस पक्षियों के साथ-साथ अन्य वन्यजीवों का अस्तित्व भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने सेवा संस्था, सारस मित्रों, स्थानीय किसानों और वन विभाग द्वारा पिछले कई वर्षों से जनभागीदारी के आधार पर संचालित सारस संरक्षण अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। वर्षाताई पटेल ने कहा कि इस संरक्षण अभियान को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने के लिए किसानों की भागीदारी बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे पर्यावरण एवं संरक्षण संबंधी जनहितकारी अभियानों को उनका पूर्ण सहयोग मिलता रहेगा।**

## सारस मित्र सम्मेलन में सारस मित्रों एवं किसानों का किया गया सम्मान

सारस मित्र सम्मेलन के दौरान सारस पक्षियों के संरक्षण के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले सारस मित्रों, स्वयंसेवकों एवं किसानों का सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य सारस पक्षियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सारस मित्रों, स्वयंसेवकों और किसानों के उत्कृष्ट कार्यों को समाज के सामने लाना तथा उनके प्रयासों का सम्मान करना था। साथ ही, आमजन को उनके योगदान से अवगत कराना, संरक्षण कार्य में जुटे लोगों का मनोबल बढ़ाना और अधिक से अधिक नागरिकों को इस जनभागीदारी अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित करना भी इस पहल का प्रमुख उद्देश्य रहा। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे सम्मान समारोहों से सारस पक्षी संरक्षण अभियान को नई ऊर्जा मिलेगी, जनसहभागिता और अधिक सशक्त होगी तथा भविष्य में इस संरक्षण आंदोलन को और व्यापक एवं प्रभावी दिशा प्राप्त होगी।

## सारस मित्रों को सारस किट एवं सम्मान-पत्र देकर किया गया सम्मानित..

सम्मेलन के दौरान गोंदिया-भंडारा जिले के 35 सारस मित्रों को सम्मानित किया गया। सारस मित्रों के लिए आवश्यक उपयोगी वस्तुओं का एक विशेष सारस मित्र किट तैयार किया गया, जिसमें बैग, मेडिकल बॉक्स, पानी की बोतल, जैकेट, टॉर्च, टी-शर्ट, गमछा, छाता और जूते जैसी आवश्यक सामग्री शामिल थी। सम्मेलन में गोंदिया जिले के सारस मित्र किसान एवं वनरक्षक मुकेश मेहर, शंकर गायधने, विठ्ठल चौव्हाण, बबलू चुटे, राहुल भावे, कैलाश हेमने, सोमेश्वर कोल्हे, जितेंद्र देशमुख, योगेश बिसेन, अरुण मिश्रा, रिगल गजभिये, गेंदलाल पटले, किशोर देशमुख, पवन बनोटे, आरिफशेख, प्रदुमन साकुरे, निलेश रंगारी, ओमप्रकाश नखाते, चंदू बहेकार, शिव भोयर, मधुसूदन डोये, प्रवीण मेंढे, सौरभ घरडे, प्रतिक लाडेकर, प्रतिक बोहरे, रिशील डहाके, गौरव मटाले, डीलेश कुसराम, भास्कर कापसे, निशांत कुर्वे, अनिरुद्ध तांडेकर को सम्मानित किया गया।

## घाटटेमनी और दासगांव खुर्द को मिला 'सारसग्राम' सम्मान

घाटटेमनी एवं दासगांव खुर्द गांवों को 'सारसग्राम' सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मेलन में यह सम्मान प्राप्त करने के लिए दोनों गांवों के सरपंच एवं ग्रामीणजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सेवा संस्था के सभी सदस्यों, वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजन में सेवा संस्था के अध्यक्ष श्री सावन बहेकार, श्री अभिजीत परिहार, श्री अंकित ठाकुर, श्री शशांक लाडेकर, श्री दुष्यंत आकरे, श्री कन्हैया उदापुरे, श्री दिलेश कुसराम, श्री गौरव मटाले, श्री प्रतीक लाडेकर, श्री सुशील बहेकार, श्री भास्कर कापसे, श्री विप्लव जायसवाल, श्री सचिन डोंगरवार (सहायक वनसंरक्षक), श्री विजय धांडे (सहायक वनसंरक्षक), श्री अविनाश मेश्राम (सहायक वनसंरक्षक), श्री संजय आकरे, श्री मुकुंद धुर्वे तथा श्री शाहिद खान (अध्यक्ष, सीट संस्था, भंडारा) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अलावा विभिन्न समाचार पत्रों के पत्रकार एवं रिपोर्टर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। सेवा संस्था के सभी सदस्यों ने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए अथक परिश्रम किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन श्रीमती भाग्यश्री सावन बहेकार एवं श्री राकेश चुटे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन श्रीमती भाग्यश्री सावन बहेकार ने किया। कार्यक्रम का आयोजन होटल जिंजर में किया गया, जिसके लिए होटल प्रबंधन का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। सेवा संस्था ने होटल जिंजर के प्रति अपना विशेष आभार व्यक्त किया। इस सारस मित्र सम्मेलन में गोंदिया एवं भंडारा जिलों के सारस मित्रों तथा किसान सारस मित्रों को एक मंच पर एकत्रित कर सम्मानित किया गया। साथ ही जानकारी दी गई कि बालाघाट जिले का सारस मित्र सम्मेलन भी शीघ्र ही जिला प्रशासन के साथ चर्चा कर आयोजित किया जाएगा।

# यूवा महिला नेत्री कु. रुपाली उके जिला परिषद में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***भंडारा-गोंदिया लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला परिषद, गोंदिया के महिला व बाल विकास विभाग तथा आरोग्य विभाग के लिए सांसद डॉ. प्रशांत पडोले ने कु. रुपाली यादोराव उके को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है।***



गौरतलब है कि कांग्रेस नेत्री कु. रुपाली यादव एक खेल प्रतिभा के साथ साथ जिले में नशामुक्ति के लिये कार्य करने के साथ ही कांग्रेस संगठन में विशेष रुप से सक्रिय हैं, तो वहीं विधवा महिलाओं के उत्थान के लिये कार्य करने के साथ ही जनसेवा में निरंतर सक्रिय हैं। क्षेत्र की विभिन्न मांगों को उठाने में प्रमुखता से भागीदारी निभाने तथा निरंतर सक्रियता के चलते नारी शक्ति को सम्मान प्रदान करते हुए डॉ. प्रशांत पडोले ने जिला परिषद में महिला बाल विकास एवं आरोग्य विभाग में कु. रुपाली उके को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। कु. रुपाली उके को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर वराड़े, पूर्व विधायक दिलीप बंसोड़, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अशोक (गप्पु) गुप्ता, किसान कांग्रेस अध्यक्ष जितेश राणे, ओबीसी विभाग अध्यक्ष जितेन्द्र कटरे, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक चौधरी एवं समस्त कांग्रेसजनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# सेवानिवृत्त तहसीलदार अपाले पर जानलेवा हमले का मराठा समाज गोंदिया ने किया तीव्र निषेध..

## पुलिस स्टेशन रामनगर में दिया प्रतिवेदन

जगप्रेरणा गोंदिया।

***मराठा समाज के सदस्य तथा सेवा निवृत्त तहसीलदार श्री प्रदीपराव अपाले दिनांक 23 जुलाई को सुबह घूमने के लिए सूर्यटोला बांध तलाव परिसर में गए थे, तब अचानक अज्ञात युवक ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। उनकी सोने की चैन, अंगठी छीनकर***



भाग गए,और इस घटना में उन्हें सिर पर हथियार से वार कर दिया उन्हें 8 टाके भी लगे है। यह घटना गंभीर स्वरूप की है जिससे परिसर के नागरिक चिंता व्यक्त कर रहे हैं। इसकी जानकारी मराठा समाज के सचिव दीपक कदम को मिलते ही उन्होंने पोलिस स्टेशन रामनगर श्री राणे साहेब से संपर्क किया और जानकारी प्राप्त की। श्री अपाले साहेब मराठा समाज के वरिष्ठ सदस्य हैं तथा उन पर हल्ला करने वाले को तुरंत गिरफ्तार किया जाय ऐसा निवेदन देने का आवाहन किया और रामनगर पुलिस स्टेशन मराठा समाज के प्रतिनिधी अभय सावंत, अनिल काळे, महेंद्र बढे, बाल्या केकत, संतोष जाधव, अविनाश पवार, सुनील धवणे, संतोष सुरसे, और दीपक कदम ने पुलिस निरीक्षक को प्रतिवेदन देकर कडक कार्यवाही करने की मांग की है।

इस वक्त परिसर के नागरिक पुरुष और महिला भी उपस्थित थी। समाज के सदस्य के हर सुख दुःख में मराठा समाज खड़ा है, चिंता की कोई बात नहीं है ऐसा सचिव दीपक कदम ने बताया है और उपस्थित सदस्य का आभार माना है।

# केन्द्रिय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने गोंदिया में किया स्वागत..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***देश के केन्द्रिय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान आज पारिवारिक समारोह में भाग लेने गोंदिया पहुंचे थे। इस अवसर पर पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने शिवराजसिंह चौहान से भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर गोंदिया में स्वागत***

## जनवरी 2027 में नियोजित शिव महापुराण कथा का दिया निमंत्रण..



किया तथा आगामी जनवरी 2027 में आयोजित परम पुज्य राष्ट्रसंत पंडित प्रदीप जी मिश्रा की शिवमहापुराण कथा में व्यासपीठ का आशिर्वाद लेने हेतु पधारने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर शिवराजसिंह चौहान एवं पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने गोंदिया-बालाघाट जिलो में हो रही अनियमित बारिश से फसलों पर प्रभाव, खाद आदि की उपलब्धता एवं बालाघाट-गोंदिया के बीच निर्माणाधीन राष्ट्रीय महामार्ग के संदर्भ में सकारात्मक चर्चा हुई। इस अवसर पर सर्वश्री संजय मसानी, अपूर्व अग्रवाल, भय्यु चौबे, कृउबास संचालक सुरेशकुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com